■ माघ शुक्ल - 12 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 194 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 09-02-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 कोहली की दूसरे वनडे में वापसी की संभावना मजबूत
6 सूबेदार मेजर भीमचंदः महाबली भीम की तरह दुश्मन को दी पटखनी, दो बार हुए 'वीर चक्र' से सम्मानित
7 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को हराना वास्तविक चुनौती : प्रधानमंत्री शरीफ

## फर्स्ट टेक

### द्रमुक ने जीती इरोड ईस्ट विधानसभा सीट



**चेन्नई/एजेन्सी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) उम्मीदवार वी सी चंद्रकुमार ने इरोड ईस्ट विधानसभा उप चुनाव में 90,629 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की है। पांच फरवरी को हुए उपचुनाव की शनिवार को हुई मतगणना के 17वें और अंतिम दौर के अंत में चंद्रकुमार ने अपने एकमात्र प्रतिद्वंद्वी नाम तमिलर काची (एनटीके) की सुश्री एम के सीतालक्ष्मी के खिलाफ 1,14,439 मत हासिल किए। सुश्री सीतालक्ष्मी को 23,810 मत मिले और उनकी जमानत जब्त हो गई। श्री चंद्रकुमार को 90,629 मतों के अंतर से विजेता घोषित किया गया। तीसरे सबसे अधिक मत नोटा के लिए पड़े। लगभग 6,000 मतदाताओं ने नोटा के लिए मतदान किया। इस उपचुनाव में कुल 46 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। पिछले दो वर्षों में इस निर्वाचन क्षेत्र में यह दूसरा उपचुनाव था।

### मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत



**अयोध्या/भाषा।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के शनिवार को घोषित परिणाम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान ने 61,710 मतों से जीत हासिल की। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित परिणामों के मुताबिक, 38 वर्षीय पासवान को 1.46 लाख से अधिक वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) के 42 वर्षीय अजीत प्रसाद को 84,687 वोट मिले। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संतोष कुमार तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें 5,459 वोट मिले।

### बांग्लादेश ने 'ऑपरेशन डेविल हंट' शुरू किया

**ढाका/भाषा।** बांग्लादेश में एक छात्र समूह द्वारा ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के एक नेता के घर पर प्रदर्शनकारियों के कथित तोड़फोड़ करने और कार्यकर्ताओं पर हमला करने वाले दोषियों का पता लगाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद, अंतरिम सरकार ने शनिवार को एक अभियान शुरू किया। भेदभाव-विरोधी छात्र आंदोलन के नेताओं का दावा है कि उनके कार्यकर्ता लूटपाट रोकने के लिए पूर्व मंत्री के घर गए थे, लेकिन बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने ''ऑपरेशन डेविल हंट'' का आदेश दिया और सेना को बुलाया।

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | 09-02-2025 | 6:23 बजे |
| सूर्योदय | 10-02-2025 | 6:43 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 77,860.19 | 23,559.95 |
| (-197.97) | (-43.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,907 रु. | 98,593 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### आप को श्राप

तू तड़ाक करने वाले वे,
हार गए हैं आज आप।
झाड़ के बिखर गए तिनके,
तिनकों को भी लग गया श्राप।
जनता ने बदले समीकरण,
दिल्ली को कर दिया कमल छाप।
अब खांसो लगा वही मफ़लर,
धोवो प्रयाग में सभी पाप।।

# दिल्ली में खिला कमल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में ऐतिहासिक जीत के साथ सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को बाहर का रास्ता दिखते हुए 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में दो तिहाई बहुमत के साथ वापसी की है।

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए हुए चुनाव के शनिवार को घोषित नतीजों में भाजपा को 48 सीटों पर जीत हासिल हुई है जबकि आप 22 सीटें मिली।

कांग्रेस इस विधानसभा चुनाव में शून्य की हैट्रिक लगाते हुए एक बार फिर खाता तक नहीं खोल सकी।

दिल्ली में सत्ता विरोधी लहर इतनी जबरदस्त थी कि आप के शीर्ष नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके निकटतम सहयोगी तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी चुनाव हार गये। मंत्रिमंडल के दो मंत्री भी चुनाव हार गये हैं।

नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल को भाजपा के प्रवेश वर्मा ने 4089 मतों से हराया। पटपड़गंज सीट बदलकर जंगपुरा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे सिसोदिया को भी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि कड़े मुकाबले में मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट से जीत गईं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही।

कांग्रेस ने नई दिल्ली से संदीप दीक्षित तथा कालकाजी सीट पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा को चुनाव मैदान में उतारा था।

आप ने 2015 के चुनाव में 70 में से 67 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था और फिर 2020 में 62 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी। केजरीवाल को इस बार भी उसी प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन भाजपा की भारी जीत ने उसे 22 सीटों पर सिमट कर रख दिया।

**दिल्ली विधानसभा चुनावी नतीजे**

| भाजपा | आप | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| 48 | 22 | 0 | 0 |

कुल सीट : 70 बहुमत : 35

- नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल को भाजपा के प्रवेश वर्मा ने 4089 मतों से हराया।
- जंगपुरा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे सिसोदिया को भी हार का सामना करना पड़ा।
- आतिशी कालकाजी सीट से जीत गईं।

### अरविंद केजरीवाल ने स्वीकार की हार



केजरीवाल ने हार स्वीकारते हुए कहा कि जनता ने जो निर्णय दिया उसे वह विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस आशा के साथ लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है वह उन सभी उम्मीदों और आशाओं पर खरा उतरेगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने जनादेश स्वीकार करते हुए कहा है कि वह जीत अवश्य गई हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी का संघर्ष दिल्ली की जनता के लिए जारी रहेगा।

भाजपा नेताओं ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया है और कहा है कि यह परिणाम मोदी पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। श्री मोदी ने जीत को विकास एवं सुशासन की जीत करार दिया और कहा कि वह दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।



# एक दशक की 'आप-दा' से मुक्त हुई दिल्ली : नरेन्द्र मोदी

- विधानसभा के पहले सत्र में महानियंत्रक एवं लेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की जाएगी और जो भी भ्रष्टाचार में शामिल पाया जाएगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है।
- आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, जिनको दिल्ली का मालिक होने का घमंड था, उनका सच से सामना हो गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को 'ऐतिहासिक' करार दिया और कहा कि अब राष्ट्रीय राजधानी एक दशक की 'आप-दा' से मुक्त हुई है। उन्होंने दिल्ली की जनता को आश्वस्त किया कि विधानसभा के पहले सत्र में महानियंत्रक एवं लेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की जाएगी और दोषियों को दंडित कर उनसे लूटे हुए पैसे वसूले जाएंगे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस जनादेश से स्पष्ट है आज दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई है और आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई 'आप-दा' की हार हुई है। मोदी ने कहा, मैं आश्वस्त करता हूं कि विधानसभा के पहले सत्र में महानियंत्रक एवं लेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की जाएगी और जो भी भ्रष्टाचार में शामिल पाया जाएगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है।

ज्ञात हो कि दिल्ली शराब नीति से जुड़ी सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में पेश न करने को भाजपा ने चुनावी मुद्दा बनाया था।

विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली शराब नीति से सरकारी खजाने को 2026 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा रिपोर्ट में शराब नीति के क्रियान्वयन में भी कई खामियां पाए जाने की बात कही गई है।

यमुना मैया के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए मोदी ने कहा, आज की ये विजय ऐतिहासिक है। दिल्ली के लोगों ने आप-दा को बाहर कर दिया है। एक दशक की आप-दा से दिल्ली मुक्त हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली में, दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और एक सुकून भी है। उन्होंने कहा, उत्साह विजय का है और सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है।

इस जनादेश के लिए दिल्ली की जनता को सिर झुकाकर नमन करते हुए मोदी ने कहा कि आज दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार इसका कर्ज विकास के माध्यम से अदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा, आज आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई आप-दा की हार हुई है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज दिल्ली की जनता ने साफ कर दिया है कि दिल्ली की असली मालिक सिर्फ और सिर्फ दिल्ली की जनता है।

## दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा : प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली सीट से हराने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा ने लोगों का भी आभार व्यक्त किया और इसे ''राष्ट्रीय राजधानी की जनता की जीत'' बताया। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह दिल्ली के लोगों की जीत है,



जिन्होंने झूठ पर सच्चाई, जुमलेबाजी पर सुशासन और धोखे पर विकास को चुना। मैं हर मतदाता का विनम्रतापूर्वक आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया।''

वर्मा ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के मजबूत नेतृत्व में हम दिल्ली में वास्तविक बदलाव लाने के लिए अथक प्रयास करेंगे। यह जनादेश एक स्पष्ट संदेश है कि लोग ईमानदार, पारदर्शी और विकास आधारित राजनीति चाहते हैं। ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवा करने की मेरी प्रतिबद्धता अटूट है।''

पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद वर्मा ने कहा कि ''दिल्ली के लिए एक नया अध्याय शुरू हुआ है'' और साथ मिलकर ''हम उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे।''

## भाजपा का मत प्रतिशत सात अंक और कांग्रेस का दो, आप का 10 अंक घटा

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के मत प्रतिशत में करीब 10 अंक की गिरावट देखी गई, जबकि विजेता भाजपा के मत प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भाजपा 26 साल से अधिक समय से राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर थी। दिल्ली की 70 सीटों में से कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी लेकिन उसके मत प्रतिशत में मामूली सुधार हुआ। आप ने 43.57 फीसदी वोट हासिल किया, जो 2020 के चुनावों में 53.57 फीसदी था।

## लोकसभा में अगले सप्ताह पेश हो सकता है आयकर विधेयक : सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वह आने वाले सप्ताह में लोकसभा में नया आयकर विधेयक पेश कर सकती हैं। यह विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम का स्थान लेगा। उच्च सदन में पेश होने के बाद विधेयक पर व्यापक विचार-विमर्श के लिए संसद की स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को इस विधेयक को मंजूरी दे दी।

सीतारमण ने बजट पश्चात परंपरा के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को नए आयकर विधेयक को मंजूरी दे दी। मुझे उम्मीद है कि इसे आने वाले सप्ताह में लोकसभा में पेश किया जाएगा। इसके बाद यह संसदीय समिति के पास जाएगा।''

संसदीय समिति की इस पर सिफारिशों के बाद यह विधेयक फिर से मंत्रिमंडल के पास जाएगा। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इसे दोबारा संसद में पेश किया जाएगा। सीतारमण ने नए आयकर कानून लागू होने के समय के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा, ''इसे अभी भी तीन महत्वपूर्ण चरणों से गुजरना है।''

सीतारमण ने पहली बार जुलाई 2024 के बजट में आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी।

## मिशन की बेहतरी के लिए हम उड़ान में क्रायोजेनिक चरण को दोबारा शुरू करना चाहते हैं : इसरो प्रमुख

**बेंगलूरु/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन के प्रज्वलन परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के एक दिन बाद इसरो प्रमुख एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी. नारायणन ने शनिवार को कहा कि यह परीक्षण विभिन्न मिशन के लिए फायदेमंद साबित होगा।



नारायणन ने बेंगलूरु में आयोजित 'एयरो इंडिया इंटरनेशनल सेमिनार, 2025' के 15वें द्विवार्षिक संस्करण के मौके पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम मिशन की बेहतरी के लिए उड़ान में क्रायोजेनिक चरण को फिर से शुरू करना चाहते हैं। इसलिए, हमने हाल ही में इस सिलसिले में एक परीक्षण किया है।''

सात फरवरी को इसरो ने 'मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर' के साथ एलवीएम3 के ऊपरी चरण को शक्ति देने वाले स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक प्रज्वलन परीक्षण किया।

## यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि 18 फरवरी तक बढ़ाई

**नई दिल्ली/भाषा।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। यूपीएससी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर जारी एक नोट में कहा गया है कि सिविल सेवा (प्रारंभिक)-2025 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक)-2025 परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि ''18.02.2025 (शाम 6 बजे) तक बढ़ा दी गई है।''

## 'फिनइनफ्लुएंसर' अस्मिता पटेल, पांच अन्य को सेबी ने प्रतिबंधित किया

**नई दिल्ली/भाषा।** बाजार नियामक सेबी ने 'फिनइनफ्लुएंसर' अस्मिता पटेल और अस्मिता पटेल ग्लोबल स्कूल समेत छह पक्षों को पूंजी बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इन्हें कथित रूप से गैरपंजीकृत निवेश सलाहकार सेवाओं के लिए प्रतिबंधित किया गया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रतिभागियों से शुल्क के रूप में ली गई 53 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वापस करने का निर्देश भी दिया है। वित्तीय परामर्श देकर लोगों को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाले व्यक्तियों को फिनइनफ्लूएंसर कहते हैं। सेबी ने बृहस्पतिवार को पारित एक अंतरिम आदेश एवं कारण बताओ नोटिस के जरिए छह पक्षों- अस्मिता पटेल ग्लोबल स्कूल ऑफ ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (एपीजीएसओटी), अस्मिता जितेश पटेल, जितेश जेठालाल पटेल, किंग ट्रेडर्स, जेमिनी एंटरप्राइज और यूनाइटेड एंटरप्राइजेज को पूंजी बाजार से प्रतिबंधित कर दिया।



**जाति, संस्कृति के आधार पर**

## विभाजन पैदा करने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ने की जरुरत : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जाति, वर्ग, पंथ और संस्कृति के विभाजन को बढ़ाने की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ आगाह करते हुए शनिवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग ऐसी ताकतों से उत्पन्न खतरे को समझते हैं, वे संकीर्ण हितों के कारण इस खतरे को नजरअंदाज कर देते हैं। धनखड़ ने कहा कि किसी भी धर्म में विश्वास स्वैच्छिक होता है और हेरफेर से उत्पन्न धार्मिक विश्वास मानव शोषण का सबसे बुरा स्वरूप है।

उपराष्ट्रपति ने पुस्तक 'आई एम?' के विमोचन के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरों पर वर्चस्व हासिल करने और जनसांख्यिकीय क्षमता के आधार पर दूसरों को आधिपत्य में रखने का उद्देश्य चिंता का विषय है।

इस पुस्तक का संकलन उद्योगपति गोपीचंद पी हिंदुजा द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा, ''यह पुस्तक भारतीयता की सार्वभौमिक प्रासंगिकता को रेखांकित करती है, जो सभी धर्मों में देखी जाने वाली सद्गुणता है। हम धर्मांतरण के प्रलोभन के बिना दूसरों के सत्य का सम्मान और सराहना कर सकते हैं।

एकता का मतलब एकरूपता नहीं है। भारतीयता इसका आदर्श उदाहरण है। यह विविधता में एकता का उदाहरण है।''

## चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए पुस्तकों को अपना साथी बनाएं युवा


**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को युवाओं का आह्वान किया कि वे चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए पुस्तकों को अपना साथी बनाएं।

बिरला ने आज नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर यह भी कहा, ''पुस्तकें व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर हमारा मार्गदर्शन करती हैं तथा ये भावी पीढ़ियों के लिए हमारे विचारों एवं विरासत को संरक्षित करती हैं।''



लोकसभा सचिवालय की ओर जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने कहा कि युवा चुनौतियों का मुकाबला करने तथा प्रेरणा, प्रोत्साहन और शक्ति प्राप्त करने के लिए पुस्तकों को अपना साथी बनाएं। उन्होंने कहा कि यह शुभ संकेत है कि इस वर्ष का पुस्तक मेला दो महत्वपूर्ण घटनाओं- महाकुंभ मेला और भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रहा है। बिरला ने कहा कि प्रयागराज में जारी महाकुंभ आस्था और भक्ति का प्रतीक है और वहीं विश्व पुस्तक मेला 'ज्ञान और संस्कृति का महाकुंभ' है जहां साहित्य, विचार और चिंतन के समन्वय से समाज को प्रगति करने एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरु जी, मैंने बहुधा सुना है कि गुरु ही शिष्य को ढूँढते हैं और अभी कुंभ में भी मैंने अनेकों संतों से भी यही सुना है क्या यह सच है ?

**उत्तर :** आप यदि ऋषियों के अनुभव और सनातन गुरु शिष्य परंपरा की शाश्वत परिभाषा के अनुसार गुरु को सर्व व्यापी जानते हैं तो फिर सर्वव्यापी या सर्वदर्शी को किसी को ढूँढना क्या अर्थहीन क्रिया व्यवहार नहीं हो जाता है ? सब कोई और सब कुछ तो उसी में है, उसी की दृष्टि में है। स्वयं विचार कीजिए। ढूँढता तो वह है जिसे अपूर्णता बोध है और माँगना भी उसी को शोभा देता है जिसको गुरु मिलता है। पहचानना और वरण करना भी उसी के लिए है जो खोज रहा हो तभी तो सम्बन्ध की मर्यादा स्थापित होती है। गुरु सब कुछ स्पष्ट करते हैं कि पहचानें कैसे? वरण कैसे करें? ढूंढें कैसे? पर करना तो स्वयं ही होता है, तभी वह परम सार्थक भी होता है। आप स्वयं ही विचार कीजिए और बताइए कि जो यहाँ कहा जा रहा है इसमें क्या सच नहीं है ?

# केंद्रीय मंत्रियों, सहयोगियों एवं मुख्यमंत्रियों ने दिल्ली चुनाव में जीत का श्रेय मोदी, शाह को दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com







**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सहयोगियों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीतियों की शनिवार को सराहना की।

भाजपा नेताओं और राकांपा, शिवसेना तथा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे सहयोगियों ने शाह को ऐसी ''सटीक'' चुनावी रणनीति तैयार करने का श्रेय दिया, जिससे 26 वर्ष से अधिक समय बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में वापसी सुनिश्चित हुई। दिल्ली में भाजपा 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीट जीतकर भारी जीत की ओर अग्रसर है, जबकि सत्तारूढ़ 'आप' मात्र 22 सीट पर सिमट कर रह गई है। भाजपा 1998 में सत्ता से बाहर हो गई थी और अगले तीन कार्यकाल तक कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजधानी पर शासन किया।

भाजपा के सहयोगी दलों ने शनिवार को कहा कि दिल्ली के मतदाताओं ने कांग्रेस को नकार दिया है। कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाए थे कि संविधान पर हमला हो रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, ''मतदाताओं ने कांग्रेस को एक बार फिर पूरी तरह पराजित कर दिया है। कांग्रेस ने झूठा दावा किया था कि संविधान और चुनाव संकट में हैं। उनका झूठ पराजित हो गया है और मतदाताओं ने सच्चाई का पूरी तरह से समर्थन किया है।'' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ''दिल्ली में भाजपा की भारी जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों में विश्वास की जीत है।'' सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली चुनाव में जीत सर्वांगीण विकास की प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर मुहर है। गडकरी ने कहा, ''यह विकास और सुशासन की जीत है।''

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 'आप' की झूठ और नौटंकी की राजनीति को नकार दिया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके चौहान ने कहा, ''राष्ट्रीय राजधानी के किसान 'आप-दा' सरकार से उकता चुके थे। अब किसानों को केंद्र सरकार की नीतियों से लाभ मिलेगा।'' दिल्ली में भाजपा के लिए कई मुख्यमंत्रियों, देश भर के नेताओं और राजग सहयोगियों ने चुनाव प्रचार किया था। गठबंधन सहयोगियों एकनाथ शिंदे (शिवसेना), अजित पवार (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी), के. राममोहन नायडू (तेलुगु देशम पार्टी) और चिराग पासवान (लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास) ने भी राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा की जीत के लिए मोदी की ''करिश्माई'' अपील और शाह की ''बेहतरीन'' रणनीति को श्रेय दिया।

राकांपा नेता और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास और अमित शाह के सटीक प्रबंधन के कारण भाजपा को यह सफलता मिली है।'' महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी दिल्ली चुनाव में भाजपा की सफलता के लिए मोदी, शाह और भाजपा प्रमुख जे पी नड्डा को बधाई दी। शिवसेना नेता शिंदे ने कहा, ''मोदी जी की गारंटी ने दिल्ली में चमत्कार कर दिया है... महाराष्ट्र के बाद दिल्ली के मतदाताओं ने मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया है। भाजपा की जीत का सिलसिला जारी है।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली के मतदाताओं ने एक ''आपदा'' को टाल दिया है और कांग्रेस को भी सबक सिखाया है, जिसने संविधान के खतरे में होने का झूठा आरोप लगाया था। जदयू (जनता दल यूनाइटेड) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि लोगों ने आम आदमी पार्टी के कुशासन को पूरी तरह से नकार दिया है।

## मुख्यमंत्री आतिशी, तीन मंत्रियों की जीत से आप की कुछ हद तक बची साख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बीच, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मुख्यमंत्री आतिशी एवं तीन मंत्रियों गोपाल राय, मुकेश अहलावत और इमरान हुसैन ने जीत के साथ पार्टी की कुछ हद तक साख कायम रखी।

आतिशी कालकाजी में विजयी हुईं, उन्होंने भाजपा के रमेश बिधूड़ी को 3,521 मतों के अंतर से हराया। आप की प्रमुख रणनीतिकार आतिशी की जीत पार्टी की सफलता की कुछ कहानियों में से एक है।

बाबरपुर में राय ने भाजपा के अनिल कुमार वशिष्ठ को 18,994 मतों के अंतर से हराकर अपनी सीट बरकरार रखी। आप के खराब प्रदर्शन के बावजूद निवर्तमान सरकार में पर्यावरण मंत्री राय अपनी सीट बचाने में सफल रहे। सुल्तानपुर माजरा में अहलावत ने भाजपा के करम सिंह कर्मा को 17,126 मतों से हराकर जीत हासिल की। पिछली आप सरकार में मंत्री रहे अहलावत ने इस आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा है। यह उन कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है जहां केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री हुसैन ने आप के प्रमुख चेहरों में सबसे अधिक अंतर से बल्लीमारान से जीत हासिल की। हुसैन ने भाजपा के कमल बागड़ी को 29,823 मतों से हराया। नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल को 4,089 मतों से हराया, उन्हें आप सुप्रीमो के 25,999 मतों के मुकाबले 30,088 वोट मिले। जंगपुरा में, सिसोदिया भाजपा के तरविंदर सिंह मारवाह से सिर्फ 675 मतों से हार गए, जबकि मंत्री सौरभ भारद्वाज को ग्रेटर कैलाश में भाजपा की शिखा रॉय ने 3,188 मतों से हराया। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में से 47 सीटें जीत चुकी भाजपा 26 साल से ज़्यादा समय के बाद दिल्ली में सत्ता में वापसी करने वाली है, जबकि आप को बड़ा झटका लगा है जो 22 सीटों पर सिमट गई है।

## शराब नीति के कारण हारी आम आदमी पार्टी, पैसे पर था ध्यान : अन्ना हजारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शनिवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी(आप) को शराब नीति और पैसे पर ध्यान केंद्रित करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा तथा वह लोगों की निस्वार्थ सेवा करने के अपने कर्तव्य को समझने में विफल रही।

केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता ने कहा कि उम्मीदवार का चरित्र साफ होना चाहिए और उसे त्याग के गुण पता होने चाहिए। वर्ष 2011 में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाले हजारे ने अपने गांव रालेगण सिद्धि में कहा, ''शराब नीति के मुद्दे के साथ पैसा आया और वे उसमें डूब गए। आप की छवि खराब हुई। लोगों ने देखा कि वह(अरविंद केजरीवाल) पहले स्वच्छ चरित्र की बात करते हैं और फिर शराब नीति की।'' हजारे ने कहा कि आम आदमी पार्टी इसलिए हारी क्योंकि वह लोगों की निस्वार्थ सेवा करने की जरूरत को समझने में विफल रही और उसने गलत रास्ता अपना लिया। केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) की स्थापना 2012 में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद हुई थी। हजारे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों को लेकर कहा, '' आम आदमी पार्टी इसलिए हारी क्योंकि वह निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करने की जरूरत को समझने में विफल रही और उसने गलत रास्ता अपना लिया। पैसे ने सबसे आगे रहकर आप की छवि को नुकसान पहुंचाया और इसकी हार हुई।''

## दिल्ली हुई 'आप-दा' मुक्त, प्रगति के नए युग की यात्रा आरंभ : नड्डा

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता-जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' 'आप-दा' सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन, और तुष्टीकरण की सारी सीमाएं लांघ दी थीं। आज दिल्ली उनके झूठ, छल और प्रपंच से मुक्त होकर प्रगति और प्रतिष्ठा के नए युग में अपनी यात्रा आरंभ कर रही है। यह जनादेश 'विकसित दिल्ली-विकसित भारत' के हमारे संकल्प को साकार स्वरूप प्रदान करेगा।''

नड्डा ने कहा, '' 'आप-दा' मुक्त दिल्ली! आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता - जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत है।''

भाजपा अध्यक्ष ने इस 'प्रचंड विजय' के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं तथा दिल्लीवासियों का अभिनंदन किया। दिल्ली में भाजपा 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी करने जा रही है। भाजपा दिल्ली की 70 में से 48 सीट पर निर्णायक बहुमत की ओर बढ़ती दिख रही है जबकि आम आदमी पार्टी 22 सीट पर सिमटने के कगार पर है। एक बार फिर कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में अपना खाता खोलती नहीं दिख रही है।



## मालीवाल का आप पर कटाक्ष, द्रौपदी के 'चीरहरण' की तस्वीर साझा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने द्रौपदी के 'चीरहरण' की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि अहंकार के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) और इसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल की हार हुई है।

पिछले साल आप से अलग हो चुकीं मालीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यहां तक कि रावण का अहंकार भी नहीं बचा था।'' द्रौपदी के ''चीरहरण'' पर मालीवाल का पोस्ट उनके उन आरोपों का संदर्भ है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि केजरीवाल के एक करीबी सहयोगी ने मुख्यमंत्री आवास के भीतर उन पर हमला किया था। यह कथित घटना उस वक्त हुई थी जब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। मालीवाल का यह पोस्ट ऐसे समय आया है जब दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आप पर बढ़त बनाए हुए है और वह राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाने की ओर बढ़ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल भी नई दिल्ली सीट से चुनाव हार गए हैं।

## ...और लड़ो आपस में : दिल्ली चुनाव नतीजों पर उमर अब्दुल्ला का कांग्रेस एवं आप पर कटाक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**श्रीनगर/भाषा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के निर्णायक जीत की ओर बढ़ने के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष किया। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक मीम पोस्ट करते हुए लिखा, ''और लड़ो आपस में!''

वह दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए जारी मतगणना से उभर रहे रुझानों का जिक्र कर रहे थे, जिसमें भाजपा, आप से आगे चल रही है, जबकि कांग्रेस लगातार तीसरी बार खाता खोलने में असमर्थ दिख रही है। आप और कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया, जो पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा थे।

## 2030 तक दवा निर्यात दोगुना होकर 65 अरब डॉलर होने की उम्मीद: रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत का दवा निर्यात 2030 तक दोगुना होकर 65 अरब अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 350 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अपने उत्पादों में विविधता लाकर वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच में पहुंच जाएगा। भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। दुनिया भर में बेची जाने वाली हर पांच जेनेरिक दवाओं में एक भारत में बनती है। देश के निर्यात में यह क्षेत्र 11वें स्थान पर है।

बैन एंड कंपनी की रिपोर्ट 'हीलिंग द वर्ल्ड: रोडमैप फॉर मेकिंग इंडिया ए ग्लोबल फार्मा एक्सपोर्ट्स हब' के अनुसार भारत विशेष जेनेरिक, बायोसिमिलर और नये उत्पादों को शामिल करके अपने निर्यात में नवाचार और विविधता लाएगा।

बैन एंड कंपनी के पार्टनर श्रीराम श्रीनिवासन ने कहा, ''भारतीय दवा उद्योग के लिए वैश्विक बाजार में अपना सही स्थान हासिल करने के लिए मात्रा आधारित कारोबार से मूल्य आधारित कारोबार पर ध्यान देना जरूरी है।''

## 'दिल्ली ने केजरीवाल की छल की राजनीति को खारिज किया, 2030 में हम वापसी करेंगे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) पर जनमत संग्रह करार दिया और कहा कि लोगों ने ''छल और कपट'' की राजनीति को खारिज किया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन उसका वोट प्रतिशत बढ़ा है तथा उसने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पांच साल बाद कांग्रेस दिल्ली की सत्ता में लौटेगी। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जनमत संग्रह से ज्यादा कुछ नहीं है। जब 2015 और 2020 में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के चरम पर थी, तब भी आप ने दिल्ली में निर्णायक जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव नतीजे प्रधानमंत्री की नीतियों पर मुहर नहीं है बल्कि, यह जनादेश अरविंद केजरीवाल की ''छल, कपट और उपलब्धियों के अतिशयोक्तिपूर्ण दावों की राजनीति'' को खारिज करता है। रमेश ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के शासन में हुए विभिन्न घोटालों को उजागर करने में बड़ी भूमिका निभाई। दिल्ली के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी के बारह वर्षों के कुशासन पर अपना फैसला सुनाया।'' उनके अनुसार, '' कांग्रेस को इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। हालांकि, पार्टी ने अपने वोट शेयर में वृद्धि की है। कांग्रेस का चुनाव अभियान शानदार था। पार्टी विधानसभा में भले ही जीत नहीं दर्ज कर पायी हो ,लेकिन दिल्ली में उसकी मजबूत उपस्थिति बनी हुई है, जिसे लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के निरंतर प्रयासों से और मजबूत किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि 2030 में दिल्ली में फिर से कांग्रेस सरकार बनेगी।

## भाजपा के प्रवेश वर्मा, तरविंदर मारवाह ने केजरीवाल और सिसोदिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवेश वर्मा और तरविंदर सिंह मारवाह सबसे बड़ा उलटफेर करने वाले नेता के रूप में उभरे हैं जिन्होंने क्रमश: नई दिल्ली और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को हरा दिया। नई दिल्ली सीट पर कड़े त्रिकोणीय मुकाबले में वर्मा को 30,088 वोट मिले, जबकि केजरीवाल को 25,999 वोट मिले। कांग्रेस के संदीप दीक्षित 4,568 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पश्चिमी दिल्ली से दो बार सांसद रहे वर्मा ने भाजपा द्वारा आधिकारिक तौर पर उनकी उम्मीदवारी घोषित किए जाने से पहले ही केजरीवाल के खिलाफ अपना अभियान शुरू कर दिया और खुद को दिल्ली के तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री के लिए मुख्य चुनौती के रूप में पेश किया। केजरीवाल पर उनकी जीत से न केवल राजधानी में भाजपा के सबसे प्रमुख जाट नेताओं में से एक के रूप में उनका कद बढ़ गया है, बल्कि मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदार के रूप में उनकी स्थिति भी मजबूत हो गई है। प्रबंधन में स्नातक वर्मा युवावस्था से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने आरएसएस से शुरुआत की और फिर भाजपा में शामिल हुए।

## नासिक जिले में छात्रा से बलात्कार के आरोप में प्रधानाध्यापक और शिक्षक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नासिक/भाषा।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को एक निजी स्कूल के प्रधानाध्यापक और एक अध्यापक को 13 वर्षीय छात्रा के साथ बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कथित घटना शुक्रवार को इगतपुरी तालुका में हुई।

पुलिस के अनुसार, छठी कक्षा की छात्रा के वर्ग शिक्षक गोरखनाथ मारुति जोशी उसे प्रधानाध्यापक तुकाराम गोविंद साबले (53) के घर ले गए, जिन्होंने कथित तौर पर किशोरी के साथ बलात्कार किया और उसे घर भेज दिया।

अधिकारी ने बताया कि लड़की को घर में परेशानी महसूस हुई तो उसके परिवार के सदस्यों ने उससे पूछताछ की। इसके बाद पीड़िता ने उन्हें यौन उत्पीड़न के बारे में बताया। इसके बाद परिवार ने पुलिस से संपर्क किया जिसके बाद दोनों की गिरफ्तारी की गयी। अधिकारी ने बताया कि साबले और जोशी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस बीच, गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल में प्रदर्शन किया और पीड़िता को न्याय दिलाने और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## महाराष्ट्र, हरियाणा के बाद दिल्ली में भाजपा की जीत, 'इंडि' गठबंधन की चमक फीकी पड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राजग के समक्ष एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरा था, लेकिन उसके घटक दलों की आपसी कलह तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पहले महाराष्ट्र और हरियाणा और अब दिल्ली के विधानसभा चुनाव में जीत ने इस विपक्षी गठबंधन की चमक को फीका कर दिया है।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 'इंडि' गठबंधन में कई ऐसे दल साथ आए थे, जो राज्यों में एक दूसरे के विरोधी हैं। ये दल भले ही भाजपा को केंद्र की सत्ता में आने से रोकने में कामयाब नहीं हुए, लेकिन एक दशक बाद भाजपा को अपने दम पर बहुमत हासिल करने से रोकना भी उनके लिए उपलब्धि थी।

'इंडि' गठबंधन के बनते समय इसके घटक दलों ने बार-बार इस बात पर जोर दिया था कि गठबंधन राष्ट्रीय चुनाव के लिए है और बाद में यह राज्य के आधार पर होगा। हालांकि, इस गठबंधन ने यह कल्पना नहीं की थी कि राज्यों में उनकी राजनीतिक लड़ाई इस हद तक जा सकती है कि गठबंधन में दरारें पड़ जाएं।

इस गठबंधन के घटक दलों के आपसी टकराव की सबसे जीवंत मिसाल दिल्ली का विधानसभा चुनाव है, जहां कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ आक्रामक चुनाव अभियान चलाया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ''शराब घोटाले के सूत्रधार'' और ''शीश महल'' जैसे कटाक्ष के साथ आप और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमले किए।

समाजवादी पार्टी (एसपी) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसी 'इंडिया' गठबंधन की पार्टियों ने दिल्ली में इस आधार पर आप का समर्थन किया था कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए केजरीवाल की पार्टी की मजबूत स्थिति में है।

अब कुछ महीने बाद बिहार में विधानसभा चुनाव होना है, जहां यह गठबंधन फिलहाल बरकरार नजर आ रहा है, लेकिन आने वाले वर्षों में पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के चुनावों में इस गठबंधन का इम्तिहान होगा।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन के घटक दलों पर तीखी टिप्पणी की।

उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक मीम के साथ पोस्ट किया, ''और लड़ो आपस में।''

## दिल्ली चुनाव में अधिकतर एग्जिट पोल के अनुमान सटीक साबित हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा में अधिकतर सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) वास्तविक नतीजों के नजदीक रहे। इनमें भी सबसे चर्चित चुनावी सर्वेक्षण एजेंसियों 'एक्सिस मॉय इंडिया' और 'टुडेज चाणक्य' के अनुमान सटीक रहे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर कर 27 साल बाद वापसी की। निर्वाचन आयोग के शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा दिल्ली की 70 में से 40 सीट जीत गई है और आठ पर उसकी बढ़त बरकरार है। इस प्रकार वह 48 सीट पर जीत या बढ़त के साथ निर्णायक बहुमत हासिल करती दिख दिख रही है जबकि आप 22 सीट पर सिमटने के कगार पर है। एक बार फिर कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में अपना खाता खोलती नहीं दिख रही है। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान के बाद जारी ज्यादातर एग्जिट पोल में भी भाजपा के 26 साल से अधिक समय बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की संभावना जताई गई थी। हालांकि, दो सर्वेक्षणों में कहा गया था कि आम आदमी पार्टी (आप) अपनी सत्ता बरकरार रख सकती है। 'एक्सिस मॉय इंडिया' का अनुमान था कि दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 45-55 सीट मिल सकती हैं तथा आप को 15-25 सीट से ही संतोष करना पड़ सकता है। उसका कहना था कि कांग्रेस को अधिकतम एक सीट मिल सकती है। उसने अपने सर्वेक्षण में संभावना जताई थी कि भाजपा को 48 प्रतिशत, आप को 42 प्रतिशत और कांग्रेस को सात प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। 'टुडेज चाणक्य' के एग्जिट पोल में कहा गया था कि भाजपा को 49 प्रतिशत वोट के साथ 51 (छह कम या ज्यादा) सीट हासिल हो सकती हैं, वहीं आप को 41 प्रतिशत वोट तथा 19 सीट (छह कम या ज्यादा) मिलने का अनुमान है।

उसने कहा था कि अन्य को 10 प्रतिशत वोट तथा अधिकतम तीन सीट मिल सकती हैं। 'मैट्रिज' के सर्वेक्षण में कहा गया था भाजपा 35 से 40 सीट जीतकर सरकार बना सकती है। इस एजेंसी ने आप को 32 से 37 तथा कांग्रेस को शून्य से दो सीट मिलने का अनुमान जताया था।





# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर पार्टी की कर्नाटक इकाई ने मनाया जश्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत के बाद शनिवार को पार्टी की कर्नाटक इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। पार्टी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में विश्वास जताया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने कहा, यह चुनाव परिणाम पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका है, जिनकी आम आदमी पार्टी (आप) भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दे को चुनावी मुद्दा बनाकर सत्ता में आई थी। इस हार ने अरविंद केजरीवाल और उनके करीबी सहयोगी मनीष सिसोदिया की छवि को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा ने भाजपा की शानदार जीत के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को बधाई दी। येडीयुरप्पा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी को बधाई। 27 साल बाद भाजपा सत्ता में लौटी है – प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी के नेतृत्व और पार्टी अध्यक्ष के रूप में आपके मार्गदर्शन में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

येडीयुरप्पा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत लोगों के साथ उसके गहरे जुड़ाव और उसकी बेजोड़ संगठनात्मक शक्ति को दर्शाती है।

उन्होंने भाजपा नेताओं को बधाई देते हुए कहा, मैं आपको हजारों समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए बधाई देता हूं कि भाजपा एक अनुशासित, मिशन के प्रति दृढ़ शक्ति बनी रहे। जमीनी स्तर पर उनके अथक प्रयासों से पार्टी का संदेश और नीतियां हर घर तक पहुंचाने में मदद मिली। पार्टी और देश के लिए यह गर्व का क्षण है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय जगन्नाथ भवन में मिठाइयां बांटीं और पटाखे फोड़े।

## चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर में रामनाथन-मायनेनी की जोड़ी खिताब बचाने में विफल, उप विजेता रहे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारत के रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की गत चैंपियन जोड़ी को शनिवार को खिताबी मुकाबले में जापान के शिंटारो मोचीजुकी और काइतो उईसुगी से हारने के बाद चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर युगल स्पर्धा में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। मोचीजुकी और उईसुगी की गैरवरीय जापान की जोड़ी ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में रामनाथन और माइनेनी की सर्विस एक बार तोड़ी और 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की।

यह उईसुगी और मोचीजुकी के लिए दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब था। मोचीजुकी ने 2019 में विंबलडन में लड़कों का एकल खिताब जीता था। एकल ड्रॉ में गैर-वरीयता प्राप्त एलियास यमेर ने पेशेवर सर्किट पर अपने पहले मुकाबले में ब्रिटेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त बिली हैरिस पर 7-6 7-6 से जीत हासिल कर रविवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी फ्रांस के किरियन जैक्केट होंगे जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में चेक डालिबोर स्वर्सिना को 6-4 6-1 से हराया।



## इसरो ने सफलतापूर्वक किया क्रायोजेनिक इंजन का 'निर्वात प्रज्वलन' परीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** इसरो ने शनिवार को कहा कि उसने निर्वात परिस्थितियों में 'मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर' के साथ एलवीएम3 के ऊपरी चरण को शक्ति देने वाले स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक प्रज्वलन परीक्षण किया है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह परीक्षण शुक्रवार को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रणोदन परिसर में उच्च स्थल परीक्षण प्रतिष्ठान में किया गया। यह इंजन भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण है।

इससे पहले, 'मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर' का उपयोग कर इंजन प्रज्वलन परीक्षण निर्वात कक्ष के बाहर जमीनी परिस्थितियों में किया गया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा, इंजन पहले से ही एकल शुरुआत के साथ उड़ान में 19टी से 22टी तक के 'थ्रस्ट' स्तर पर काम करने के लिए उपयुक्त है और यह गगनयान मिशन के लिए भी उपयुक्त है। इंजन को इसरो के तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र द्वारा विकसित किया गया था।

## राजनाथ सिंह कर्नाटक के वैश्विक निवेशक सम्मेलन में भाग लेंगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मंत्री एम बी पाटिल ने शनिवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों के 11 फरवरी को यहां आयोजित होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2025 में भाग लेने की उम्मीद है।

बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने कहा, राज्य को प्रमुख क्षेत्रों में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। मंत्री ने कर्नाटक के औद्योगिक एवं आर्थिक भविष्य के लिए एक साहसिक दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की है।

उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन 12-14 फरवरी तक चलेगा। इस समारोह का 11 फरवरी, 2025 को उद्घाटन किया जाएगा। पाटिल के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री प्रल्हाद जोशी और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी के उद्घाटन और शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है।

उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हम 11 फरवरी को शाम 4 बजे वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2025 का उद्घाटन सत्र आयोजित करने जा रहे हैं और राज्यपाल थावरचंद गहलोत अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन सत्र में मौजूद रहेंगे।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 'सिंगल विंडो' पोर्टल का उद्घाटन करेंगे।

# 'स्पेडेक्स' में कोई खराबी नहीं, हम कदम दर कदम आगे बढ़ रहे: इसरो प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**बेंगलूरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी नारायणन ने शनिवार को कहा कि इसरो के पहले 'अंतरिक्ष डॉकिंग मिशन'(स्पेडेक्स) में कोई खराबी नहीं है और यह कदम दर कदम आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कुछ मीडिया प्रतिष्ठानों की ओर से प्रकाशित खराबी आने संबंधी खबरों को खारिज कर दिया। अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने यहां 15वें द्विवार्षिक एयरो इंडिया इंटरनेशनल सेमिनार, 2025 के लिए आयोजित कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, कोई खराबी नहीं है, अभी इसे डॉक किया गया है। हम कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं। हम अध्ययन कर रहे हैं और फिर हम कई प्रयोग करने की योजना बना रहे हैं।

इसरो ने 16 जनवरी को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की और अंतरिक्ष एजेंसी ने यह भी घोषणा की कि डॉकिंग के बाद एक ही वस्तु के रूप में दो उपग्रहों का नियंत्रण सफल रहा। इस मिशन के तहत एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को इच्छित 'जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट' में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया था। हालांकि, दो फरवरी को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक अपडेट जारी करके कहा था कि उपग्रह को निर्दिष्ट कक्षीय स्थिति में स्थापित करने की दिशा में कक्षा उत्थान अभियान नहीं चलाया जा सका क्योंकि कक्षा उत्थान के लिए थ्रस्टर्स को प्रक्षेपित करने के लिए ऑक्सीडाइजर को अनुमति देने के लिए वाल्व नहीं खुले। कुछ खबरों में हाल ही में दावा किया गया था कि अंतरिक्ष डॉकिंग में तकनीकी खराबी आ सकती हैं क्योंकि दो अंतरिक्ष यान – एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 का अभी 'अनडॉक' होना बाकी है। लेकिन नारायणन ने पहले भी कहा था कि अंतरिक्ष एजेंसी अब भी 'अनडॉकिंग' प्रक्रिया की समीक्षा कर रही है और इस कवायद में कुछ समय लग सकता है। इसरो के अनुसार, स्पेडेक्स मिशन दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए एक लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शक मिशन है जिसे पीएसएलवी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक तब आवश्यक होती है जब मिशन के साझा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की आवश्यकता होती है।

## बेंगलूरु मेट्रो रेल के किराये में 50 फीसदी तक का इजाफा

बेंगलूरु। बेंगलूरु मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने किराया निर्धारण समिति की सिफारिश पर शनिवार को मेट्रो रेल किराये में लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की घोषणाा की, जो रविवार से लागू होगी। बीएमआरसीएल की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इसने भीड़भाड़ और सामान्य समय के लिए अलग-अलग किराया भी पेश किया है। अधिकतम किराया 60 रुपये से बढ़ाकर 90 रुपये कर दिया गया है। बीएमआरसीएल ने कहा, किराया निर्धारण समिति ने 16 दिसंबर, 2024 को संशोधित किराया ढांचे की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। मेट्रो रेलवे ओएंडएम अधिनियम की धारा 37 के अनुसार, किराया निर्धारण समिति द्वारा की गई सिफारिशें मेट्रो रेलवे प्रशासन के लिए बाध्यकारी होंगी। इसने कहा कि तदनुसार, बीएमआरसीएल बोर्ड की उचित मंजूरी के साथ संशोधित किराया नौ फरवरी, 2025 से लागू होगा।

## केरल के कोल्लम में आबकारी टीम पर हमला करने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

**कोल्लम।** कोल्लम जिले के एक गांव में मादक पदार्थ तस्करी की सूचना मिलने के बाद तलाशी लेने पहुंची आबकारी टीम के साथ मारपीट करने के आरोप में शनिवार को चार युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान सिनान, निहास, अल अमीन और निहार के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि इन चारों पर एक महिला अधिकारी समेत पांच सदस्यीय आबकारी टीम पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आबकारी विभाग को शुक्रवार रात को चावरा इलाके के पनमाना में नाव घाट के पास बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी की शिकायत मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक महिला अधिकारी समेत एक टीम निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंची। हालांकि, मौके पर मौजूद युवकों की तलाशी ली गई, लेकिन कोई प्रतिबंधित सामान नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक, जब आबकारी टीम जाने की तैयारी कर रही थी, तभी दो वाहनों में चार लोग आ गए और टीम पर हमला किया गया।

## केरल के कासरगोड में ऊंचे इलाकों में भूकंप के झटके

**कासरगोड।** केरल के उत्तरी कासरगोड जिले के ऊंचे इलाकों में शनिवार तड़के हल्के झटके महसूस किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। वेल्लारिककुंड पुलिस ने ग्रामीणों के हवाले से बताया कि मालोम, राजपुरम, कोन्नाक्कड़ और आसपास के इलाकों में कुछ सेकंड तक झटके महसूस किए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, लोगों ने कहा कि उन्होंने इन इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए और जमीन के नीचे से कुछ अप्राकृतिक आवाजें सुनीं। पुलिस के अनुसार इन इलाकों में कुछ लोगों ने बताया कि भूकंप के झटके की वजह से उनके फोन टेबल से गिर गए और चारपाई हिल गईं। पुलिस ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी जल्द ही विस्तृत जांच के लिए इलाकों का दौरा करेंगे और उसके बाद और जानकारी मिलेगी।

## जर्मन कंपनी बीकर ने बेलगावी संयंत्र में उत्पादन शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई।** जर्मनी की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित सामग्री की आपूर्ति करने वाली कंपनी बीकर ने बेलगावी में एक्वस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में अपनी नई स्थापित विनिर्माण सुविधा में उत्पादन शुरू कर दिया है। शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। कंपनी ने जून, 2023 में कर्नाटक के बेलगावी में अपनी सुविधा में एक उन्नत एयरोस्पेस केंद्र स्थापित करने के लिए एक्वस इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साझेदारी की थी।

बीकर ने कहा कि विनिर्माण संयंत्र का शुभारंभ बीकर मेटल्स के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह विस्तार भारत के बढ़ते अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा और सटीक इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए बीकर की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और उच्च प्रदर्शन सामग्री समाधानों में वैश्विक नेता के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करता है। बीकर मेटल्स इंडिया लिमिटेड के भारत में वाणिज्यिक निदेशक प्रसाद राजशेखरैया सिद्धलिंगा ने कहा, इस निवेश के साथ, हम भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य कम समय में उच्च गुणवत्ता वाले अर्ध-निर्मित कच्चे माल उपलब्ध कराना है, जिससे इस क्षेत्र में विश्वसनीय और उन्नत सामग्री समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

कंपनी ने कहा कि नई सुविधा बेलगावी एयरोस्पेस क्लस्टर (बीएसी) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी (एयरोस्पेस), रक्षा, वाहन, चिकित्सा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और सामान्य इंजीनियरिंग सहित उद्योगों की एक विस्तृत शृंखला की सेवा करेगी। अपनी उन्नत प्रसंस्करण क्षमताओं का उपयोग करते हुए, कंपनी का लक्ष्य वैश्विक गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए भारत के औद्योगिक वृद्धि का समर्थन करना है।

## एएन-32 करगिल कूरियर सेवा ने 24 फंसे यात्रियों को निकाला

**करगिल/भाषा।** भारतीय वायुसेना ने शनिवार को करगिल और श्रीनगर के बीच फंसे 24 यात्रियों को हवाई मार्ग से निकाला, जिसके साथ ही एएन-32 'करगिल कूरियर' सेवा की शुरुआत हो गई। यह सेवा सर्दियों के महीनों में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए जीवन रेखा के समान है। एक अधिकारी ने बताया कि पहले दिन एएन-32 करगिल कूरियर सेवा के जरिये करगिल से श्रीनगर और श्रीनगर से करगिल के बीच 12 यात्रियों ने यात्रा की।

# संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है केंद्र सरकार : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को दावा किया कि देश ऐसे दौर से गुजर रहा है, जिसमें केंद्र सरकार भारत में संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए सब कुछ कर रही है। वायनाड से सांसद प्रियंका ने यहां मननथावाडी विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर के नेताओं की एक बैठक में कहा कि इस जिले के भूस्खलन के पीड़ितों को आज तक आवास संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोकसभा में हमारे प्रयासों के कारण कम से कम वायनाड भूस्खलन को गंभीर प्रकृति की आपदा घोषित किया और उम्मीद जताई कि इससे पीड़ितों के पुनर्वास के लिए अधिक धन प्राप्त होगा।

उन्होंने जिले में जंगली जानवरों के हमलों के कारण जान-माल के नुकसान के विभिन्न मामलों का भी उल्लेख किया और कहा कि मानव-पशु संघर्ष के कारण भी आजीविका का नुकसान हो रहा है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछली बार जब वह यहां वायनाड में थीं, तो जिला प्रशासन ने कहा था कि मानव-पशु संघर्ष को कम करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसे अधिक धन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैंने कहा था कि मैं उनके साथ काम करूंगी और साथ मिलकर हम जितना संभव हो सके उतनी धन राशि जुटाने की कोशिश करेंगे, ताकि उन्हें जो काम करने की जरूरत है, उसे करने में मदद मिल सके और समस्या के लिए नए प्रकार के समाधान भी ढूंढे जा सकें।

प्रियंका गांधी ने लोकसभा उपचुनाव में अपनी जीत में मदद करने के लिए बूथ स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भी प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया तथा उनसे केवल चुनाव के दौरान ही नहीं, बल्कि हर दिन लोगों के लिए उपलब्ध रहने का आग्रह किया। लोकसभा उपचुनाव जीतने के बाद वायनाड की यह उनकी दूसरी यात्रा है। इससे पहले, प्रियंका ने 28 जनवरी को उस महिला के परिवार से मिलने के लिए वायनाड का दौरा किया था, जिसे 24 जनवरी को एक बाघ ने मार डाला था।

## दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की मुकदमा रद्द करने की याचिका को प्राथमिकता न दें : उच्च न्यायालय

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब भारतीय दंड संहिता या यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दुष्कर्म के गंभीर अपराध प्रथम दृष्टया प्रतीत होते हैं, तो मामले को रद्द करने के लिए पीड़िता की याचिका को भी कोई वरीयता नहीं दी जाएगी। उच्च न्यायालय का यह फैसला पीड़िता और उसकी मां की याचिका पर आया है, जिसमें उन्होंने अपने नृत्य शिक्षक और उसकी पत्नी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले को रद्द करने की मांग की थी। इस मामले में दुष्कर्म से संबंधित एक धारा, तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने बयानों में विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए आरोप लगाया था, कि नृत्य शिक्षक ने उसे फिल्मों और रियलिटी शो में काम दिलाने का वादा कर 2015 में उसके साथ कथित तौर पर यौन संबंध बनाए थे। उस समय वह नाबालिग थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शिक्षक ने उससे शादी का वादा करके उसके साथ यौन संबंध बनाए। जब नृत्य शिक्षक ने किसी और से शादी कर ली, तो पीड़िता ने उसकी पत्नी को उनके संबंध के बारे में बताया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, इसके बाद आरोपी की पत्नी ने पीड़िता से कहा कि वह भी नृत्य शिक्षक से शादी कर सकती है।

पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार इसके बाद आरोपी की पत्नी ने भी नृत्य शिक्षक और पीड़िता के बीच यौन संबंधों में सहायता की और उन्हें बढ़ावा दिया। हालांकि, पीड़िता 2020 में वयस्क होने के बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष अपने बयान में अपने आरोपों से मुकर गई और इस बात से इनकार किया कि नृत्य शिक्षक द्वारा उसके साथ दुष्कर्म या छेड़छाड़ की गई थी या उसकी पत्नी ने उक्त कृत्यों में सहायता की थी। मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए अपने बयान में पीड़िता ने कहा कि उसे अपने नृत्य शिक्षक और उसकी पत्नी के खिलाफ आरोप लगाने के लिए मजबूर किया गया था। पीड़िता की मां ने भी आरोपों को वापस ले लिया तथा मामला रद्द करने की मांग की।







# राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने लगाई संगम में डुबकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

महाकुंभ नगर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ उनकी धर्मपत्नियां भी मौजूद थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने भी संगम में स्नान किया। ठाकुर के साथ उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संगम में स्नान के बाद कहा, यह महाकुंभ हमारी संस्कृति और विरासत का प्रतीक है। हम सौभाग्यशाली हैं कि 144 वर्ष बाद आए इस महाकुंभ में हमने डुबकी लगाई। इस दिव्य और भव्य आयोजन के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं।

वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संगम में डुबकी लगाने के बाद कहा, मैं आज (शनिवार को) तीर्थराज प्रयाग की भूमि पर आया हूं और यहां सभी प्रदेशवासियों की ओर से डुबकी लगाई और प्रदेश की जनता विशेष रूप से युवाओं के उज्वल भविष्य व समाज के हर वर्ग की समृद्धि की कामना की। सांसद अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर स्नान की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, मां गंगा, यमुना और सरस्वती के शुभाशीष से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। आधिकारिक बयान के मुताबिक, ठाकुर ने इस अवसर पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम पर पूजा-अर्चना की और सर्वकल्याण की कामना की। उन्होंने महाकुंभ को 'एकता का महाकुंभ' बताया और इसे भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक करार दिया।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में जयपुर में जिला रसद अधिकारी जयपुर (प्रथम) द्वारा 23 एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने शनिवार को बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिला रसद अधिकारी जयपुर (प्रथम) द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा तीन दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के तहत अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिये आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जायेगी।

जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों ने 'गिव अप' अभियान के तहत आवेदन करके अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया लिया है। उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी, परन्तु खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने उक्त अवधि को 28 फरवरी तक बढ़ा दिया है।




# दिल्ली की जनता का आप पार्टी से हुआ मोह भंग, मोदी पर जताया भरोसा : मदन राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। चुनाव में भाजपा की जीत का चारों ओर जश्न मनाया जा रहा है। राजधानी जयपुर के भाजपा कार्यालय में भी जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। भाजपा की जीत पर बीजेपी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। भजपा की जीत के जश्न में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी शामिल हुए। जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि दिल्ली में भ्रष्टाचार को पनपने देने वाले नेताओं की हार हुई है। दिल्ली की जनता का आप पार्टी से मोह भंग हो गया था। जनता ने पीएम मोदी पर विश्वास जताया है। जनता ने भाजपा को जनादेश दिया है। वहां के लोगों ने डबल इंजन सरकार पर भरोसा व्यक्त किया है।

# दिल्ली में 'डबल इंजन' की सरकार बनने से विकास होगा : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली जीत पर कहा कि अब दिल्ली में 'डबल इंजन' की सरकार बनने से विकास होगा। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की विजय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों और जनहितैषी योजनाओं पर राष्ट्रीय राजधानी के आमजन के अटूट विश्वास की मोहर है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री जो कहते है वह करते है, इसलिए दिल्ली की जनता ने यह जनादेश भाजपा को दिया है। उन्होंने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व सभी वरिष्ठ नेताओं और दिल्ली की जनता को बधाई दी।




# लड़कियां किसी से कम नहीं हैं : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नागौर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि लड़कियां किसी से कम नहीं हैं और वे हर क्षेत्र में ज्यादा आगे बढ़ रही हैं। बागड़े ने शनिवार को राजस्थान में नागौर जिले के मूंडवा में नवनिर्मित संत दुलाराम कुलरिया एवं संत पदमाराम कुलरिया आडिटोरियम और आयचुकी देवी गंगाराम राठी छात्रावास के भवनों का लोकार्पण करने के बाद सम्बोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं को अच्छा अभ्यास करने की जरूरत है। भारत में दुनियाभर में सबसे अधिक प्रतिभा थी, अब भी है। उन्होंने कहा कि जिसके पास कौशल होगा, उसे रोजगार मिल जाएगा, इसलिए भारत सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है।

हमारे हाथ में कला है तो सफल होंगे। बागड़े ने बच्चों से कहा कि शारीरिक शक्ति बढ़ाओ, इतनी बढ़ाओ कि दूसरों को डर लगना चाहिए। अपना कौशल और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने वाला ही आगे जाएगा। इससे पहले बागड़े ने बीपीएड कॉलेज के भवन निर्माण का शिलान्यास भी किया।

इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। चौधरी ने कहा कि राजस्थान की धरती में एक दूसरे के सहयोग की भावना है। यही भारतीयता है, राष्ट्रवाद है।



# गर्मियों में हो लोड का बेहतर प्रबंधन : आरती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। डिस्कॉम्स चेयरमैन सुआरती डोगरा ने प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों के अभियंताओं को गर्मी में लोड का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर डिस्कॉम के सभी अधिशासी अभियंता (ओ एंड एम) फरवरी माह में अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले 33 केवी ग्रिड सब स्टेशनों तथा अधिक ट्रिपिंग वाले फीडरों का निरीक्षण करें। जिससे कि गर्मियों में होने वाली बिजली की मांग में बढ़ोतरी के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अभी से सुनिश्चित की जा सकें। सुडोगरा शनिवार को विद्युत भवन में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तीनों विद्युत वितरण निगमों के अधिकारियों के साथ लोड प्रबंधन, शत-प्रतिशत बिलिंग, बकाया राजस्व वसूली, डिफेक्टिव मीटर बदलने तथा उपभोक्ता सेवाओं से संबंधित विषयों पर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान भार के अनुरूप अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, केबल, रोस्टर स्विच, आइसोलेटर, वीसी ब्रेकर जैसे लाइन मैटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर से ऑयल लीकेज सहित अन्य तकनीकी कमियों को अभी से सुधारा जा सकेगा।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए कि वे अभियंताओं को डिमांड साइड और लोड मैनेजमेन्ट का प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम निर्धारित करें। उल्लेखनीय है कि जयपुर डिस्कॉम के अधिशासी अभियंताओं को इस संबंध में शुक्रवार को ही ऊर्जा विकास निगम के विशेषज्ञों द्वारा ही प्रशिक्षण दिया गया है। सुडोगरा ने शत-प्रतिशत बिलिंग तथा बकाया राजस्व अर्जन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीटर खराब होने के कारण औसत उपभोग के आधार बिलिंग करनी पड़ती है। ऐसे में डिफेक्टिव मीटरों को तत्काल बदला जाए। सुडोगरा ने गर्मियों में बिजली की मांग में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए आरडीएसएस योजना के तहत चल रहे जीएसएस निर्माण तथा फीडर पृथक्कीकरण के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

बैठक में जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल ने कहा कि शत- प्रतिशत बिलिंग के लिए डिस्कॉम के सभी सर्किलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही, उन्हें फील्ड का दौरा कर रेवेन्यू रियलाइजेशन बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक के पी वर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में संभावित भार वृद्धि को देखते हुए ट्रांसफार्मर के लोड मेनेजमेंट पर विशेष फोकस किया जा रहा है। जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों के तकनीकी निदेशकों ने गर्मी के सीजन की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। बैठक में डिस्कॉम्स चेयरमैन ने वृत्तवार अधीक्षण अभियंताओं तथा जोनल मुख्य अभियंताओं से बकाया राजस्व के अर्जन तथा शत-प्रतिशत बिलिंग पर चर्चा कर निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

जयपुर/दक्षिण भारत। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत ऊपर वर्णित अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 23 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं।

गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है।



# भरतपुर में तीन दिवसीय पुष्प मेले का शुभारंभ, सैकड़ों प्रजातियों के फूल बने आकर्षण का केंद्र

भरतपुर। शहर में तीन दिवसीय मेगा फ्लावर शो का भव्य आगाज जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह मेला 8 से 10 फरवरी तक चलेगा, जिसमें सैकड़ों प्रजातियों के हजारों पौधे प्रदर्शित किए गए हैं। हरित बृज सोसायटी द्वारा आयोजित इस पुष्प मेले में औषधीय पौधे, एयर प्यूरीफायर, सजावटी पौधे, फल-सब्जियों के पौधे और धार्मिक महत्व के पौधे प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, बोनसाई, कलात्मक आकृतियों वाले पौधे, दुर्लभ कैक्टस, सक्यूलेंट और अडेनियम जैसे पौधे भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शहरवासियों को पौधों की देखभाल और बागवानी से जोड़ने के लिए बोनसाई, कैक्टस टोपियरी, बायोएंजाइम, ट्रे-गार्डन, गुलाब, ऑर्गेनिक किचन गार्डनिंग, बोगनविलिया, एक्रेटिक प्लांट्स और टेरेरियम पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

# मुनेश गुर्जर ने तीसरे निलंबन को दी हाईकोर्ट में चुनौती, कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत से जुड़े मामले में हेरिटेज नगर निगम के मेयर पद से मुनेश गुर्जर को निलंबित करने के मामले में राज्य सरकार से एक सप्ताह में जवाब देने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश मुनेश गुर्जर की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता को ना तो प्राथमिक जांच से पहले सुनवाई का मौका दिया गया और ना ही निलंबन से पहले जवाब पेश करने का समय दिया गया। राज्य सरकार की यह कार्रवाई प्राकृतिक न्याय कि प्रावधानों के खिलाफ है। याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया। जबकि अगले तीन दिनों तक सार्वजनिक अवकाश था और चौथे दिन उसे निलंबित कर दिया गया। इसलिए उसके निलंबन आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर राज्य सरकार की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया। राज्य सरकार ने मुनेश गुर्जर को



सर्वप्रथम 5 अगस्त, 2023 को निलंबित किया था। इस निलंबन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने निलंबन आदेश वापस ले लिया था। इसके बाद सरकार ने जांच के बाद सितंबर माह में मुनेश को फिर से निलंबित कर दिया था। इस आदेश को हाईकोर्ट ने दिसंबर, 2023 में रद्द कर दिया था।

पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त विवेक मिरोठा को बीस साल की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी हेमराज गौड़ ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया है। यदि इसमें पीड़िता की सहमति हो तो भी यह अपराध की श्रेणी में माना जाएगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि पीड़िता के पिता ने 13 जनवरी, 2024 को शिवदासपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि बीती रात उसकी 16 साल की बेटी घर से गायब हो गई है। उसे शक है कि अभियुक्त उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 7 मार्च को पीड़िता को बरामद कर 13 मार्च को अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में पता चला कि अभियुक्त उसे प्रहलादपुरा ले गया था। जहां दोनों किराए का कमरा लेकर पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि वह प्रेमपूर्वक साथ रह रहे थे और उसने पीड़िता से दुष्कर्म नहीं किया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

# सदन में व्यवधान संसदीय परम्पराओं पर गम्भीर आघात : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं विधानसभा के तृतीय सत्र में शुक्रवार को सदन में गतिरोध एवं व्यवधान की जो स्थिति बनी उसे राजस्थान विधानसभा के गौरवशाली संसदीय परम्पराओं पर गम्भीर आघात बताते हुए कहा है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष का भाषण नहीं होना और सदन के नेता के राज्यपाल अभिभाषण के जवाब के दौरान पूरे समय व्यवधान संसदीय इतिहास की अनहोनी घटनाओं में से एक है। देवनानी ने कहा कि उन्होंने गतिरोध एवं हंगामें के बावजूद सदन को चलाया ताकि विधानसभा सदस्य जनता की समस्याओं को उठा सके। उन्होंने सदन की कार्यवाही शुरु होते ही शुरु हुए हंगामें के कारण उत्पन्न व्यवधान को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने सदन में उत्पन्न गतिरोध को दूर करने के लिए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित वरिष्ठ नेताओं से चर्चा का प्रयास किया।



उन्होंने इस व्यवधान को दूर करने की समझाइश के लिए भरपूर प्रयास किया। शुक्रवार को प्रात: नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधानसभा में अध्यक्ष से उनके कक्ष में हुई मुलाकात के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतियुत्तर को लेकर शांति के वातावरण में विधानसभा की कार्यवाही के संचालन का वादा किया था। सदन को दो बार स्थगित करके देवनानी ने जूली से सदन के गतिरोध के संबंध में चर्चा भी की। देवनानी ने कहा कि सदन में दोनों पक्षों को साथ लेकर सदन चलाने के लिए उन्होंने पूरे प्रयास किये। प्रतिपक्ष को सदन के बाहर भी समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रतिपक्ष द्वारा सदन संचालन में व्यवधान करना लोकतंत्र के लिए चिन्तनीय है। प्रतिपक्ष द्वारा सदन को चलाने में सहयोग न करना उनके लिए पीडादायक रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के असहयोग के बावजूद भी उन्होंने शुक्रवार को कार्यसूची के अनुरूप प्रश्नकाल और शून्यकाल में सदन की कार्यवाही को चलाया। लोकतंत्र में सदन चलाने का दायित्व पक्ष के साथ प्रतिपक्ष का भी होता है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत प्रधानमंत्री की नीतियों पर दिल्लीवासियों के विश्वास की मुहर : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासपरक नीतियों पर दिल्ली वासियों के विश्वास की मुहर है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की समर्पित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई!''

आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की समर्पित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई! उन्होंने कहा, यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व और उनकी सर्वहितग्राही, लोक-कल्याणकारी और समग्र उत्थान को समर्पित विकासपरक नीतियों पर दिल्ली वासियों के विश्वास की मुहर है। आदित्यनाथ ने कहा कि सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं दिल्ली की सुशासन प्रेमी देवतुल्य जनता-जनार्दन का अभिनंदन।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के शनिवार को घोषित परिणामों में भारतीय जनता पार्टी बहुमत हासिल कर लगभग 27 वर्ष बाद दिल्ली राज्य में सरकार बनाने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर जीत के लिए भाजपा उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान को भी बधाई दी।

## दिल्ली में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोगों के भरोसे को दर्शाती है: माणिक साहा



**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में भाजपा की 'शानदार जीत' भगवा पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोगों के अटूट भरोसे को दर्शाती है। साहा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, ''मोदी का जादू दिल्ली में छा गया। यह दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत है। यह ऐतिहासिक जनादेश भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में लोगों के अटूट भरोसे को दर्शाता है।'' भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को हुई मतगणना में आम आदमी पार्टी का सफाया कर दिया और 26 साल से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सत्ता में लौटी । निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, भाजपा 70 में से 49 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है या आगे चल रही है, जो बहुमत के 36 के आंकड़े से काफी अधिक है और आप 21 सीटों के साथ पीछे है। शीला दीक्षित के नेतृत्व में दिल्ली में 15 वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस द्विध्रुवीय मुकाबले में एक भी सीट नहीं जीत सकी है।

## मोदी सरकार ने एक वर्ष में बुनियादी ढांचे के विकास पर 11 लाख करोड़ रुपए खर्च किए: सिंधिया



**ग्वालियर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार ने पिछले एक वर्ष में बुनियादी ढांचे के विकास पर 11 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार इस मोर्चे पर सालाना केवल दो लाख करोड़ रुपए खर्च करती थी। उन्होंने हाल ही में पेश किए गए केंद्रीय बजट में विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए संवाददाताओं से कहा कि बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा और 2047 तक इसे 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखेगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा कहा कि वह गरीब, किसान, महिला और युवा को हमारे देश की केवल चार जातियां मानते हैं और यह बजट इन चार श्रेणियों पर केंद्रित है।

संचार मंत्री ने कहा, पिछले एक वर्ष में बुनियादी ढांचे पर 11 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए जबकि संप्रग सरकार इस मोर्चे पर केवल दो लाख करोड़ रुपए खर्च करती थी। पिछले 1 वर्ष में 2,031 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइनें बिछाई गईं और छह हजार किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया।



## मणिपुर में शांति बहाल करने के लिये सभी प्रयास कर रही सरकार : मुख्यमंत्री बीरेन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर के हिंसा प्रभावित राज्य में सरकार शांति बहाल करने के सभी प्रयास कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही कि लोग पहले की तरह एक साथ मिलजुल कर रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य सरकार शांति बहाल करने और लोगों के पहले की तरह शांतिपूर्ण तरीके से साथ रहने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।''

मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

डीजीएआर महिला एवं पुरुष पोलो चैंपियनशिप 2025 के समापन समारोह को संबोधित करते हुये सिंह ने विभिन्न टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए सेना एवं असम राइफल्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये मणिपुर में पोलो को बढ़ावा देने तथा घोड़ों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सिंह ने यह भी कहा कि सरकार ने मणिपुर में घोड़ों की सुरक्षा के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और दोहराया कि आधुनिक पोलो की उत्पत्ति इसी राज्य से हुई है। उन्होंने कहा, ''लम्फेलपट में करीब 30 एकड़ का चारागाह आवंटित किया गया है। इंफाल पूर्वी जिले के पंगेई में एक चारागाह और अन्य चारागाह भी विकसित किए गए हैं।''

## 'आप' और केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने दंडित किया: जदयू नेता ललन सिंह



**पटना/भाषा।** केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने शनिवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली की जनता 11 वर्ष के कुशासन की सजा दे रही है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व अध्यक्ष ने केजरीवाल पर बिहार के प्रवासियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। ललन ने कहा, भाजपा नीत एनडीए के लिए प्रचार करते समय हमें पता चल गया था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में क्या होने वाला है। लोग आप की बड़ी-बड़ी बातें करने और केंद्र के साथ झगड़ा करने की प्रवृत्ति से तंग आ चुके थे। जदयू नेता ने आरोप लगाया, लोगों को पीने के पानी जैसी बुनियादी चीज भी उपलब्ध नहीं थी और केजरीवाल के पास केवल दावे के अलावा और कोई चारा नहीं था। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 'पूर्वांचल' के प्रवासियों का अपमान किया।

ललन ने दावा किया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान 'आप' सरकार ने प्रवासियों को भागने पर मजबूर कर दिया और जब वे अपने गृह राज्य वापस आए, तो नीतीश सरकार ने संसाधनों की कमी का रोना नहीं रोया बल्कि उन्हें सभी आवश्यक सहायता प्रदान की। ललन ने कहा केजरीवाल ने यह टिप्पणी की थी कि बिहार के लोग ट्रेनों से दिल्ली पहुंचते हैं और वहां उपलब्ध मुफ्त चिकित्सा उपचार का लाभ उठाकर वापस लौट जाते हैं। जदयू नेता ने कहा कि केजरीवाल ने ऐसे बात की जैसे दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी नहीं बल्कि उनकी जागीर हो। ललन ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दे पर सत्ता में आने के बावजूद, केजरीवाल और उनकी पार्टी ने 'पैसा कमाया, माल बनाया और केवल बातें बनाईं'।

# उत्तराखंड में स्थित अपने पहले विद्यालय पहुंचे आदित्यनाथ, स्कूल की तारीफ की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पौड़ी/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उत्तराखंड के पौड़ी जिले में अपने पहले स्कूल का दौरा किया, जहां उन्होंने कक्षा एक से पांच तक पढ़ाई की थी।

योगी ने छात्रों से उनके भविष्य के लिए वहां बनाए गए बेहतर शैक्षिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने अपने गांव पंचूर के पास थांगर में पुनर्निर्मित प्राथमिक विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, स्कूल में बहुत अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है। अब कंप्यूटर, ऑनलाइन और स्मार्ट कक्षाओं के अलावा आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला जैसी सभी सुविधाएं हैं। अब शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका छात्रों को इन सुविधाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की है ताकि वे अपना भविष्य बना सकें। उन्होंने अभिभावकों से उनके बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कहा ताकि वे नई सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी सिर्फ सरकारों के कंधों पर नहीं बल्कि समाज पर भी होती है। जब समाज इस मिशन में सरकारों के साथ जुड़ता है, तो परिणाम कई गुना बेहतर होते हैं।

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला स्कूल दौरा था। पिछली बार जब उन्होंने स्कूल का दौरा किया था तब वे गोरखपुर से सांसद थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को अपने पैतृक गांव पंचूर के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्रियों त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत और धामी के कैबिनेट सहयोगी सतपाल महाराज व धन सिंह रावत ने भी योगी के साथ मंच साझा किया। धामी ने कहा कि स्कूल के छात्रों को आदित्यनाथ के जीवन से सीख लेनी चाहिए, जो दर्शाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प उच्चतम लक्ष्यों को प्राप्त करने में किसी की मदद कर सकता है।

## मप्र कपड़ा, परिधान केंद्र के रूप में उभर रहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश अपनी रणनीतिक स्थिति, समृद्ध कृषि आधार, मजबूत बुनियादी ढांचे और निवेशक-अनुकूल नीतियों के कारण कपड़ा और परिधान उद्योग के लिए तेजी से एक जीवंत केंद्र के रूप में उभर रहा है।

राज्य अनुकूल नीतियों के साथ-साथ अपने कपास उत्पादन का लाभ उठाकर कपड़ा उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश भारत का छठा सबसे बड़ा कपास उत्पादक है, जिसने 2023-2024 में लगभग 18.01 लाख गांठ का उत्पादन किया। भारत का 43 प्रतिशत जैविक कपास और वैश्विक जैविक कपास उत्पादन का 24 प्रतिशत मध्यप्रदेश से है। कपास कपड़ा उद्योग के लिए कच्चा माल है और राज्य का कपास उत्पादन कपड़ा निर्माण इकाइयों के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़त है।

राज्य सरकार ने इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए हैं। क्षेत्रीय नीति पर राज्य सरकार के एक दस्तावेज के अनुसार, मालवा क्षेत्र के बियावरा और नीमच में मेगा टेक्सटाइल पार्क, कपड़ा क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए बुनियादी ढांचे और प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। धार में बनने वाला पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क राज्य को बड़े पैमाने पर कपड़ा विनिर्माण में अग्रणी बनाने में मदद करेगा। चंदेरी, माहेश्वरी और हाथ से छपे कपड़ों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश वस्त्र उद्योग की समृद्ध परंपरा का घर है। प्रदेश सालाना 200 टन रेशम उत्पादन के साथ बढ़ते रेशम उद्योग में योगदान देता है। दस्तावेज़ के अनुसार, राज्य में कपड़ा उद्योग में, विशेष रूप से बुनाई, कताई और रंगाई जैसे क्षेत्रों में कुशल कार्यबल बढ़ रहा है। वस्त्रों पर केंद्रित शैक्षणिक संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की उपस्थिति कार्यबल को और मजबूत बनाती है। राज्य में पहले से ही मौजूद प्रमुख कंपनियों में ट्राइडेंट ग्रुप, गोकलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, मारल ओवरसीज, वर्धमान टेक्सटाइल, सागर ग्रुप, रेमंड, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, अमोन, एसआरएफ लिमिटेड, स्वराज सूटिंग लिमिटेड और नाहर स्पिनिंग मिल्स शामिल हैं। मध्यप्रदेश 24-25 फरवरी को भोपाल में अपने द्विवार्षिक वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें निवेश आकर्षित करने और राज्य की आर्थिक क्षमता को प्रदर्शित किया जाएगा। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के निवेश माहौल और औद्योगिक बुनियादी ढांचे को उजागर करना है, जो संभावित सहयोग के लिए कई अवसर प्रदान करता है।




# पारंपरिक खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा भारत: अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**महाकुंभ नगर/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि भारत के पारंपरिक खेलों को अगर वैश्विक पटल पर ले जाना है, तो सभी को मिलकर साझा प्रयास करना होगा।

ठाकुर ने प्रयागराज में 'खेल महाकुंभ' में कहा, भारत अपने परंपरागत खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। महाकुंभ में जारी सात दिवसीय 'खेल महाकुंभ' के तीसरे दिन भारत के परंपरागत खेलों की स्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया और पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर शामिल हुये। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत के पारंपरिक खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है और इस दिशा में क्रीड़ा भारती और टीवाईसी की पहल शानदार है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कबड्डी, कलारीपयट्टू, मल्लखंब, खो-खो जैसे परंपरागत खेलों को प्राथमिकता से बढ़ावा दे रही है और इससे दुनिया हमारे खेलों की ताकत को पहचानेगी। ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशज खेलों को बढ़ावा देने की जो शुरुआत हुई है वह आज तेज गति से जारी है। महाकुंभ के सेक्टर 10 में जारी खेल महाकुंभ के पहले सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर बाइचुंग भूटिया ने युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने की सराहना की।

## कोटक और मुलानी की शतकीय साझेदारी से मुंबई ने की वापसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** शम्स मुलानी और तनुश कोटियान की आठवें विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी के बूते गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के शुरुआती दिन शनिवार को यहां हरियाणा के खिलाफ आठ विकेट पर 278 रन बनाकर अच्छी वापसी की। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद 25 रन तक चार जबकि 113 रन तक सात विकेट गंवा दिये थे लेकिन मुलानी ने 178 गेंद में 91 जबकि कोटियान ने 154 गेंद में नाबाद 85 रन की पारी खेलकर मौजूदा सत्र में एक बार फिर से टीम को संकट से बाहर निकाला।

स्टंप्स के समय कोटियान के साथ मोहित अवस्थी क्रीज पर मौजूद थे। हरियाणा के लिए अंशुल कंबोज (58 रन पर तीन विकेट) और सुमित कुमार (57 रन पर दो विकेट) ने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी की जिससे टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी कर चुके अजिंक्य रहाणे (31) मौजूदा टी20 कप्तान सूर्यकुमार (नौ) और शिवम दुबे जैसे अनुभवी खिलाड़ी सस्ते में पवेलियन लौट गये। दिन चढ़ने के साथ पिच की नमी कम होने के बाद बल्लेबाजी आसान हो गयी और पिछले साल के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' कोटियान और मुलानी ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को दिन के आखिर तक 278 रन तक पहुंचा दिया। मुलानी दिन का खेल खत्म होने से 15 गेंद पहले जयंत यादव (32 रन पर एक विकेट) का शिकार बने। मुंबई की टीम पहली पारी में शायद बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे लेकिन मुलानी और कोटियान ने यह सुनिश्चित किया कि हरियाणा को मैच में बने रहने के लिए अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी।

## त्रिपुरा व्यावसायिक सम्मेलन में 3,683 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए

**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा सरकार ने शनिवार को कहा कि आठ फरवरी को संपन्न हुए राज्य के व्यावसायिक सम्मेलन में 3,683 करोड़ रुपए के 87 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने 'डेस्टिनेशन त्रिपुरा: बिजनेस कॉन्क्लेव-2025' को संबोधित करते हुए निवेशकों से पूर्वोत्तर के इस राज्य में उद्योग लगाने का आग्रह किया। साहा ने कहा, ''हालांकि, त्रिपुरा देश का तीसरा सबसे छोटा राज्य है, लेकिन इसके पास उद्योग लगाने के लिए प्रचुर संसाधन हैं। प्राकृतिक गैस, चाय, रबर और बांस जैसे संसाधन हैं, जिनका व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है।'' मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में 2000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 'अगर' के बागान हैं।

## 'राष्ट्र विरोधी' बयान पर राहुल गांधी के खिलाफ ओडिशा में प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में कथित तौर पर ''राष्ट्र-विरोधी'' बयान दिए जाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि झारसुगुड़ा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), इसकी युवा शाखा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस), बजरंग दल के सदस्यों द्वारा गांधी के खिलाफ पुलिस महानिरीक्षक-उत्तरी रेंज हिमांशु लाल को पांच फरवरी को दी गई शिकायत के आधार पर शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा पहुंचाने संबंधी कृत्य), 197(1) (डी) (भारत की एकता, संप्रभुता, अखंडता या सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली गलत या भ्रामक जानकारी उत्पन्न या प्रकाशित करने के लिए) के तहत झारसुगुड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि गांधी जानबूझकर राष्ट्रविरोधी बयान देते रहे हैं जिससे प्रत्येक भारतीय व्यक्ति को ठेस पहुंचती है।

पुलिस महानिरीक्षक ने शिकायत को जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए झारसुगुड़ा पुलिस अधीक्षक परमार स्मित पुरुषोत्तमदास को भेजा था।

# रोहित की फॉर्म और कोहली की फिटनेस पर रहेगी निगाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कटक/भाषा।** भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और फिटनेस हासिल कर चुके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म पर निगाहें टिकी रहेंगी।

भारत ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की शृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की है और उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखकर शृंखला जीतना होगा। कोहली दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने पुष्टि की कि कोहली रविवार के मैच के लिए 'पूरी तरह से फिट और तैयार हैं'।

यह भारतीय सुपरस्टार शनिवार शाम को वैकल्पिक सत्र के दौरान नेट अभ्यास के लिए पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी था। उन्होंने बिना किसी परेशानी के एक लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की। भारतीय उप कप्तान शुभमन गिल ने हालांकि स्पष्ट किया है कि कोहली की चोट गंभीर नहीं है और वह दूसरे वनडे में खेलेंगे। कोहली भी टीम के साथ कटक पहुंचे हैं और वह सहज नजर आ रहे थे। यह भारत के लिए अच्छे संकेत हैं लेकिन इससे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए टीम प्रबंधन को माथापच्ची करनी पड़ेगी। पिछले मैच में कोहली की जगह श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल किया गया था और उन्होंने 36 गेंद पर 59 रन बनाकर टीम में अपनी जगह सुरक्षित कर ली थी।





कोटक ने हालांकि यह नहीं बताया कि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और पिछले मैच के अर्धशतक लगाने वाले श्रेयस अय्यर में से किसे अंतिम एकादश से बाहर किया जाएगा। कोटक ने कहा, ''यह कप्तान (रोहित शर्मा) और कोच (गौतम गंभीर) का फैसला है। मैं इसका जवाब नहीं दे सकता। ''

अगर पहले की बात होती तो कोहली को अय्यर की जगह टीम में शामिल किया जाता लेकिन अब पूरी संभावना है कि उन्हें पहले मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में लिया जाएगा। ऐसे में रोहित के साथ गिल पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

कोहली अगर फिट होकर टीम में वापसी करते हैं तो उनकी फॉर्म पर नजर रहेगी क्योंकि वह पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के दौर में खराब प्रदर्शन के बाद कोहली ने दिल्ली की तरफ से एक रणजी मैच भी खेला लेकिन इस मैच में भी वह केवल छह रन ही बना पाए थे। लेकिन कोहली ने वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और वह इस प्रारूप में 14000 रन पूरे करने से केवल 94 रन दूर हैं। अगर वह यह उपलब्धि हासिल कर लेते हैं तो फिर वह सचिन तेंदुलकर (18,426) और कुमार संगकारा (14,234) के बाद इस मुकाम पर पहुंचने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली की तरह कप्तान रोहित भी रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह पहले वनडे में केवल दो रन बना पाए थे।

## कोहली ने नेट पर लगभग 1 घंटे अभ्यास किया, दूसरे वनडे में वापसी की संभावना मजबूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कटक/भाषा।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर घुटने की चोट की चिंताओं को दूर करते हुए नेट पर लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की।

कोहली को चोट के कारण नागपुर में खेल गये पहले वनडे से बाहर होना पड़ा था। कोहली ने अपना वार्मअप पूरा करने के बाद नेट में बल्लेबाजी अभ्यास किया। वह इस दौरान पूरे जोश में दिखे। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के अलावा ओडिशा क्रिकेट संघ के गेंदबाजों के खिलाफ सहजता से बल्लेबाजी की। लंबे समय के बाद भारतीय टीम के मैच की मेजबानी कर रहे कटक में भी कोहली के प्रशंसकों का हुजूम दिखा। कोहली को बल्लेबाजी अभ्यास करता देख स्टेडियम में मौजूद प्रशंसक 'कोहली-कोहली' के नारे लगा रहे थे। उन्होंने लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की। इस अभ्यास के दौरान उनकी टाइमिंग शानदार थी । कोहली को नेट अभ्यास के दौरान अच्छे शॉट लगाते देखना भारतीय प्रशंसकों के लिए आश्वस्त करने वाला था। कोहली ने 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ इस स्थल पर अपने पिछले वनडे मैच मैच में विजयी अर्धशतक बनाया था। स्टेडियम ने पिछली बार 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय की मेजबानी की थी, जबकि यहां पिछला वनडे पांच साल से अधिक समय पहले हुआ था।


## सुविचार

बीता हुआ वक़्त अगर आपको परेशान कर रहा हैं, तो यही समय हैं उसे श्रद्धांजलि देने का।

## ट्वीट

राष्ट्रीय राजधानी में लूट-झूठ और अराजकता की आप'दा' से राहत नहीं मुक्ति आवश्यक थी। अब 11 वर्ष बाद दिल्ली आप'दा' से मुक्त है। मोदी जी पर जनता के प्रबल विश्वास से सबल बहुमत आया है। अब डबल इंजन की गति से दिल्ली विकास की पटरी पर दौड़ेगी।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत



सनातन संस्कृति एवं आस्था के महापर्व भव्य व दिव्य 'महाकुंभ 2025' के पावन अवसर पर आज प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मां गंगा, मां यमुनाकी आराधना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि व सर्व मंगल की कामना की।

-दीया कुमारी



## कहानी

मुंशी प्रेमचंद

# नमक का दारोगा



नमक का नया विभाग बनने के बाद नमक के व्यापार पर रोक लग गई। बावजूद इसके लोग चोरी-छिपे इसका व्यापार कर रहे थे। नमक का व्यापार करने के लिए कई हथकंडे अपनाए गए। व्यापारियों ने कभी घूस देकर, तो कभी अपनी चालाकियों से इस व्यापार को अंजाम दिया। इधर, कुछ अधिकारी नमक विभाग में दारोगा पद के लिए लाइन में खड़े थे। यहां तक कि वकील भी इस विभाग को अपने कब्जे में लेने के लिए उत्सुक थे। यह बात उस वक्त कि है जब लोग अंग्रेजी शिक्षा और ईसाई धर्म को एक ही समझते थे। इस दौरान फारसी का भी ज्यादा प्रभाव था। प्रेम कहानियां और श्रृंगार रस के काव्य पढ़कर फारसी लोग ऊंचे पद हासिल कर लेते थे। इधर, मुंशी वंशीधर भी जुलेखा की विरह-कथा से निकलकर सीरी और फरहाद की प्रेम कथा के सहारे काम ढूंढने निकल पड़े थे। वंशीधर के पिता एक अनुभवी इंसान थे, इसलिए उन्होंने वंशीधर को घर की बिगड़ती आर्थिक दशा के बारे में बताया। उन्होंने कहा, बेटियां जवान हो रही हैं और मैं अब कितने दिन का मेहमान हूं, कुछ नहीं कहा जा सकता। अब तुम्हें ही इस घर का बोझ संभालना है। वंशीधर के पिता ने उन्हें समझाते हुए कहा, नौकरी कैसी भी हो कर लेना, बस यह देखना कि तनख्वाह कितनी मिल रही है। नौकरी ऐसी ढूंढना, जिसमें ऊपरी कमाई हो, क्योंकि महीने की तनख्वाह से घर की जरूरतें पूरी नहीं हो सकती। ऊपरी आय भगवान का आशीर्वाद है, जिससे जिंदगी के हर शौक पूरे किए जा सकते हैं और इसी से बरकत भी होती है। वंशीधर के पिता ने उन्हें आगे समझाया, यह बहुत समझदारी का काम है। पहले लोगों को देखो, उनकी जरूरतों को समझें और फिर मौके की तलाश में जुट जाओ। इसके बाद जो ठीक लगे वो करो। यह याद रखना कि जरूरतमंद व्यक्ति के साथ सख्ती से पेश आने में ही फायदा है। वंशीधर बहुत होशियार और सज्जन पुरुष थे। वह पिता की सारी बातें सुनकर मंजिल की ओर बढ़ चले। समय का पहिया आगे बढ़ा और देखते ही देखते वंशीधर नमक के दारोगा बन गए। नमक विभाग में दारोगा की नौकरी पाकर वंशीधर बहुत खुश थे। वंशीधर की तरक्की देख पड़ोसियों को उनसे जलन होने लगी।

वंशीधर को नमक विभाग में छह महीने भी नहीं हुए थे कि विभाग के अधिकतर लोग उन पर आंख मूंदकर भरोसा करने लगे थे। उन्होंने अपने काम और अच्छे व्यवहार से आला अफसरों की नजरों में बड़ा सम्मान पा लिया था। विभाग के अफसर भी उन पर बहुत भरोसा करने लगे थे, जबकि कुछ अफसर वंशीधर से जलते भी थे। सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका था। वंशीधर के दफ्तर से कुछ दूरी पर जमुना नदी बहती थी, जिस पर एक छोटा पुल बना हुआ था। रात का समय था, नमक के सिपाही और चौकीदार नशे में मस्त थे।

नमक के दारोगा मुंशी वंशीधर भी दफ्तर में आराम कर रहे थे। उन्हें अचानक कुछ गाड़ियों और मल्लाहों की आवाजें सुनाई दीं। आवाज सुनकर दारोगा जी नींद से जागे। दारोगा जी के मन में सवाल आया कि आखिर इतनी रात में गाड़ियां नदी के पार क्यों जा रही हैं? दारोगा जी ने अपनी वर्दी पहनी और तमंचा जेब में रखकर पुल पर जा पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि कई गाड़ियां एक कतार में पुल पार कर रही हैं। उन्होंने कड़क आवाज में पूछा, यह किसकी गाड़ियां हैं?

दारोगा जी की दहाड़ सुनकर वहां थोड़ी देर के लिए सन्नाटा छा गया। उनमें से किसी एक ने दारोगा जी को बताया, ये पंडित अलोपीदीन की गाड़ियां हैं। दारोगाजी ने पूछा, अलोपीदीन कौन है? वहां मौजूद लोगों ने कहा, अलोपीदीन दातागंज के हैं। यह सुनकर दारोगा जी चौंक गए, क्योंकि पंडित अलोपीदीन इस इलाके के जाने-माने जमीदार थे और वह रोजाना लाखों रुपये का लेन-देन करते थे। इस इलाके में हर छोटे-बड़े शख्स ने उनसे कर्ज लिया हुआ था। पंडित अलोपीदीन का बहुत बड़ा व्यापार था। उन दिनों अंग्रेज अफसर शिकार खेलने उनके इलाके में आते और अलोपीदीन उनकी खातिरदारी करते थे। दारोगाजी ने सामान ढो रहे मजदूरों से पूछा, ये गाड़ियां कहां जाएंगी? एक मजदूर ने जवाब, कानपूर। जब मुंशी ने पूछा कि इसमें क्या है, तो वहां एक बार फिर सन्नाटा पसर गया। यह देख मुंशी जी का शक बढ़ने लगा। फिर दारोगा जी ने जोर देकर पूछा, क्या तुम सब गूंगे हो गए हो, मैंने पूछा इसमें क्या है? जब इस बार भी किसी ने कोई जवाब नहीं दिया, तो मुंशी जी गाड़ी में लदे सामान को देखने चले गए। उन्होंने देखा कि गाड़ियां नमक से भरी हुईं है। इस घटना की सूचना जैसे ही पंडित अलोपीदीन को मिली, वो लिहाफ ओढे दारोगा के पास खड़े हो गए और बोले, दारोगा साहब ऐसा क्या अपराध हो गया हमसे कि गाड़ियों को आगे जाने नहीं दिया जा रहा है। दारोगा वंशीधर ने कहा, यह सरकारी आदेश है। इस पर पंडित अलोपीदीन बोले, आप ही हमारी सरकार हैं और हम किसी सरकार को नहीं जानते। यह तो आपका और हमारे घर का मामला है। हम कभी आपसे बाहर हो सकते हैं क्या? आपने बेवजह तकलीफ उठाई।

अलोपीदीन ने आगे कहा, ऐसा हो नहीं सकता कि इधर घाट से जाएं और आपकी सेवा न करें। मैं तो खुद आपकी सेवा करने के लिए आ रहा था। लेकिन, वंशीधर पर पंडित अलोपीदीन की बातों का कोई असर नहीं हुआ। वंशीधर एक ईमानदार दारोगा थे, इसलिए अलोपीदीन की घूस देने की बात पर बोले, मैं उन अफसरों जैसा नहीं हूं, जो पैसों के लिए अपना ईमान बेच देते हैं। मैं आपको हिरासत में लेने आया हूं और आपको मेरे साथ चलना होगा। मेरे पास बात करने का समय नहीं है। इतना कहकर दारोगा जी ने जमादार बदलूसिंह से अलोपीदीन को हिरासत में लेने को कहा। वंशीधर के कड़क रवैये से पंडित अलोपीदीन हैरान रह गए।

वहां मौजूद सभी लोगों में हलचल मच गई। बदलूसिंह आदेश पाकर अलोपीदीन को हिरासत में लेने गया, लेकिन उसकी हिम्मत ना हुई कि वह उनका हाथ पकड़ ले। अलोपीदीन मन ही मन सोच रहे थे कि पहली बार कोई ऐसा अधिकारी देखा है, जो पैसों के आगे झुका नहीं। साथ ही वह यह भी सोच रहे थे कि दारोगा जी अभी नौजवान हैं और माया के मोहजाल से दूर हैं। पंडित अलोपीदीन ने बड़ी विनम्रता के साथ कहा, बाबू साहब ऐसा ना कीजिए, हम मिट जाएंगे, हमारी इज्जत मिट्टी में मिल जाएगी। हमारा अपमान करने से आपको क्या हासिल होगा। हम आपसे अलग नहीं हैं। अलोपीदीन की अर्जी पर वंशीधर गुस्से में बोले, मैं आपकी कोई भी बात सुनना नहीं चाहता।

इधर, अलोपीदीन का यह भ्रम अभी तक नहीं टूटा था कि पैसों से किसी को भी खरीदा जा सकता है। उन्होंने वंशीधर को एक हजार रुपये देने की बात कही, लेकिन वंशीधर गुस्से में बोले, एक लाख रुपये देने से भी मेरा ईमान नहीं डगमगाएगा। अलोपीदीन के लाख कोशिशें करने के बाद भी वंशीधर अपने ईमान पर डटे रहे। बात चालीस हजार देने तक पहुंच गई, लेकिन दारोगा वंशीधर ने रुपयों के प्रति कोई लोभ न दिखाया। दारोगा वंशीधर ने बदलूसिंह को फिर से आदेश दिया, इसे हिरासत में ले लिया जाए। जैसे ही बदलूसिंह पंडित की ओर बढ़ा, वो बेहोश होकर गिर गए। पंडित जी की गिरफ्तारी की खबर आग की तरह आसपास के इलाकों में फैल गई। इस घटना पर सभी अपना-अपना मत रख रहे थे। अगले दिन पंडित को अदालत ले जाया जा रहा था, जो भी पंडित को इस हाल में देखता, वह चौंक जाता। यह पहली बार था, जब पंडित अलोपीदीन को ये सब सहना पड़ रहा था। लेकिन, अभी अदालत पहुंचने में देर थी। पंडित जी इस शहर के सेठ थे। अधिकारी लोग उनके भक्त, वकील उनके आज्ञापालक और चपरासी-चौकीदार उनके गुलाम थे। पंडित जी को बचाने के लिए वकीलों की सेना तैयार की जा रही थी। पैसों की कोई चिंता न थी। सच को झूठ साबित करने के लिए पूरा इंतजाम किया गया। इधर, वंशीधर के पास सच के सिवा कोई सबूत नहीं था। उन्हें विश्वास था कि पंडित अलोपीदीन को सजा जरूर मिलेगी। लेकिन, सब कुछ उल्टा पड़ गया। डिप्टी मजिस्ट्रेट ने पंडित अलोपीदीन को बरी करते हुए कहा कि इन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

पंडित अलोपीदीन हंसते हुए दारोगा वंशीधर के पास से गुजर गए। दारोगा को सभी के सामने अपमान झेलना पड़ा। यहां तक कि उन्हें नौकरी से हटा भी दिया गया। यह खबर लिए जब मुंशी वंशीधर अपने घर पहुंचे, तो पिता ने उन्हें खूब सुनाया। उन्होंने कहा, मेरे लाख कहने पर भी तुमने मेरी बात न मानी। मेरा मन कर रहा है कि अपना और तुम्हारा सिर फोड़ दूं। मुंशी वंशीधर चुपचाप यह सब सुनते रहे। इसी तरह एक सप्ताह बीत गया। शाम का समय था। मुंशी के घर एक सजा-धजा रथ आकर थमा। वो पंडित अलोपीदीन थे। उन्हें देखते हुए मुंशी के पिता दौड़े-दौड़े उनका स्वागत करने के लिए आगे बढ़े और उन्हें झुककर सलाम किया। उन्होंने पंडित जी से माफी मांगते हुए कहा, नालायक लड़का है, इससे अच्छा होता कि हमें भगवान निसंतान रखता।

इस बात पर पंडित जी ने कहा, ऐसा मत कहो, धर्म पर चलने वाले लोग बहुत कम होते हैं। वंशीधर की ओर बढ़ते हुए पंडित जी ने कहा, दारोगा साहब इसे खुशामद न समझें, क्योंकि खुशामद करने के लिए मैं इतनी दूर न आता। उस रात आपने मुझे हिरासत में लिया था, लेकिन आज मैं खुद अपनी इच्छा से आपकी हिरासत में आया हूं। मैंने हजारों अमीर देखे, हजारो ऊंचे अधिकारियों से काम करवाया, लेकिन आपसे हार गया। मैंने सभी को अपना और अपनी दौलत का गुलाम बनाकर छोड़ दिया, लेकिन आज आप मुझे आज्ञा दें कि मैं आपसे कुछ विनती करूं। वंशीधर को लगा था कि पंडित उन्हें बेइज्जत करने आया है, लेकिन उनकी इन बातों को सुनकर उनका भ्रम दूर हुआ।

मुंशी वंशीधर ने स्वाभिमान के साथ उनका सम्मान किया। वंशीधर ने पंडित जी की ओर देखा और धीमी आवाज में कहा, यह आपकी उदारता है। मैं धर्म में जकड़ा हुआ था, नहीं तो मैं आपका दास हूं। अलोपीदीन ने वंशीधर से विनम्रता से कहा, वहां जमुना के पुल पर आपने मेरी एक बात न सुनी, पर अब आपको मेरी एक बात माननी पड़ेगी। वंशीधर ने कहा, मैं भला आपके क्या काम आ सकता हूं, लेकिन आप जो करने कहेंगे, उसमें कोई गलती न होगी।

अलोपीदीन ने एक स्टाम्प लगा पत्र निकाला और उसे वंशीधर को देकर बोले, इस पद को स्वीकार कर लो और अपने हस्ताक्षर कर दो। जब वंशीधर ने उस स्टाम्प लगे पत्र को पढ़ा, तो उनकी आंखों में आंसू भर आए, क्योंकि पंडित जी ने वंशीधर को अपनी सारी जायदाद का स्थायी मैनेजर बनाने का फैसला लिया था। नौकरी पत्र के मुताबिक, वंशीधर को सालाना 6 हजार रुपए, अतिरिक्त भत्ता, सवारी के लिए घोड़ा, रहने को बंगला और नौकर-चाकर मुफ्त पेश किए गए थे। वंशीधर कांपते हुए शब्दों से बोले, मुझ में अब इतनी हिम्मत नहीं बची है कि आपके सम्मान में कुछ कह सकूं, लेकिन मैं ऐसे ऊंचे पद के लायक नहीं हूं। अलोपीदीन हंसते हुए बोले, मुझे इस समय तुम्हारे जैसे एक अयोग्य शख्स की ही जरूरत है। वंशीधर ने गंभीर होते हुए कहा, वैसे तो मैं आपका दास हूं, आप जैसे महान और सज्जन पुरुष की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, लेकिन मुझमें ना तो समझ है और न ही शिक्षा, जो इन कमियों को पूरा सकें। ऐसे बड़े पद के लिए आपको किसी अनुभवी की जरूरत होनी चाहिए।

वंशीधर की बात सुनकर अलोपीदीन ने वंशीधर को कलम थमाते हुए कहा, मुझे ना तो समझदार इंसान की चाह है और ना किसी अनुभवी शख्स की। ईश्वर की कृपा से मुझे एक मोती मिला है, जिसके आगे अनुभवी इंसान भी फीके पड़ जाएं। अलोपीदीन ने वंशीधर से आगे कहा, ज्यादा सोचिए मत और हस्ताक्षर कर दीजिए। ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि वह आपको नदी तट वाला रौबदार, ईमानदार, कठोर और धर्मनिष्ठ दारोगा बनाए रखे। इतना सुनकर वंशीधर की आंखें एक बार फिर भर आईं। उन्होंने पंडित जी की ओर श्रद्धाभाव से देखा और नौकरी पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। यह देख अलोपीदीन ने मुंशी वंशीधर को अपने लगे से लगा लिया।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# बिखराव

आगे दुकान, पीछे मकान वाली शैली की एक फुटकर दुकान से सामान खरीद रहा हूँ। दुकानदार सामूहिक परिवार में रहते हैं। पीछे उनके मकान से कुछ आवाज़ें आ रही हैं। कोई युवा परिचित या रिश्तेदार परिवार आया हुआ है। आगे के घटनाक्रम से स्पष्ट हुआ कि आगंतुक एकल परिवार है। आगंतुक परिवार की किसी बच्ची का प्रश्न कानों में पिघले सीसे की तरह पड़ा, 'दादी मीन्स?' इस परिवार की बच्ची बता रही है कि दादी मीन्स मेरे पप्पा की मॉम। मेरे पप्पा की मॉम मेरी दादी है।... 'शी इज वेरी नाइस। कानों में अविराम गूँजता रहा प्रश्न 'दादी मीन्स?' 'वसुधैव कुटुंबकम्' की संस्कृति में कुटुम्ब कितना सिमट गया है! बच्चों के सबसे निकट का दादी- नानी जैसा रिश्ता समझाना पड़ रहा है।

सामूहिक परिवार व्यवस्था के ढहने के कारणों में 'पर्सनल स्पेस' की चाहत के साथ-साथ 'एक्चुअल स्पेस' का कम होता जाना भी है। 'वन या टू बीएचके फ्लैट, पति-पत्नी, बड़े होते बच्चे, ऐसे में अपने ही माँ-बाप अप्रासंगिक दिखने लगें तो क्या किया जाए? यूँ देखें तो जगह छोटी-बड़ी नहीं होती, भावना संकीर्ण या उदार होती है। मेरे ससुर जी बताते थे कि उनके गाँव जाते समय दिल्ली होकर जाना पड़ता था। दिल्ली में जो रिश्तेदार थे, रात को उनके घर पर रुकते। घर के नाम पर कमरा भर था पर कमरे में भरा-पूरा घर था। सारे सदस्य रात को उसी कमरे में सोते तो करवट लेने की गुंज़ाइश भी नहीं रहती तथापि आपसी बातचीत और ठहाकों से असीम आनंद उसी कमरे में हिलोरे लेता।

कालांतर में समय ने करवट ली। पैसों की गुंज़ाइश बनी पर मन संकीर्ण हुए। संकीर्णता ने दादा-दादी के लिए घर के बाहर 'नो एंट्री' का बोर्ड टांक दिया। दादी-नानी की कहानियों का स्थान वीडियो गेम्स ने ले लिया। हाथ में बंदूक लिए शत्रु को शूट करने के 'गेम', कारों के टकराने के गेम, किसी नीति,.नियम के बिना सबसे आगे निकलने की मनोवृत्ति सिखाते गेम। दादी- नानी की लोककथाओं में परिवार था, प्रकृति थी, वन्यजीव थे, पंछी थे, सबका मानवीकरण था। बच्चा तुरंत उनके साथ जुड़ जाता। प्रसिद्ध साहित्यकार निर्मल वर्मा ने कहा था, बचपन में मैं जब पढ़ता था 'एक शेर था', सबकुछ छोड़कर मैं शेर के पीछे चल देता।

शेर के बहाने जंगल की सैर करने के बजाय हमने इर्द-गिर्द और मन के भीतर काँक्रीट के जंगल उगा लिए हैं। प्राकृतिक जंगल हरियाली फैलाता है, काँक्रीट का जंगल रिश्ते खाता है। बुआ, मौसी, के विस्थापन से शुरू हुआ संकट दादी-नानी को भी निगलने लगा है।

मनुष्य के भविष्य को अतीत से जोड़ने का सेतु हैं दादी, नानी। अतीत अर्थात अपनी जड़। 'हरा वही रहा जो जड़ से जुड़ा रहा।' जड़ से कटे समाज के सामने 'दादी मीन्स' जैसे प्रश्न आना स्वाभाविक हैं।

अपनी कविता स्मरण आ रही है,
मेरा विस्तार तुम नहीं देख पाए,
अब बिखराव भी हाथ नहीं लगेगा,
मैं बिखरा ज़रूर हूँ, सिमटा अब भी नहीं...!

प्रयास किया जाए कि बिखरे हुए को समय रहते फिर से जोड़ लिया जाए। रक्त संबंध, संजीवनी की प्रतीक्षा में हैं। बजरंग बली को नमन कर क्या हम संजीवनी उपलब्ध कराने का बीड़ा उठा सकेंगे?

## बोध कथा

# बाबापुर की रामलीला

तेनालीराम हमेशा अपनी बुद्धिमता से सबका मन जीतने के लिए जाने जाते थे। आए दिन राज्य पर आई किसी न किसी समस्या को सुलझाने के लिए वे अपना दिमाग लगाया करते थे। इसी तरह जब एक बार दशहरा पर नाटक मंडली विजयनगर नहीं पहुंच पाई, तो तेनाली ने क्या किया, आइए जानते हैं। काशी की एक नाटक मंडली हमेशा दशहरे से पहले विजयनगर आया करती थी। यह नाटक मंडली विजयनगर में रामलीला किया करती थी और नगर वासियों का मनोरंजन किया करती थी। यह एक तरह से विजयनगर की संस्कृति थी और ऐसा हर साल हुआ करता था, लेकिन एक साल ऐसा आया जब काशी नाटक मंडली के कई सदस्य बीमार पड़ गए और उन्होंने कह दिया कि वो विजयनगर नहीं आ पाएंगे। यह सुनकर महाराज कृष्णदेव राय और सारी प्रजा बहुत उदास हो गई।

दशहरे को अब सिर्फ कुछ ही दिन बाकी थे और ऐसे में किसी और नाटक मंडली को बुलाकर रामलीला का आयोजन करवाना बहुत मुश्किल था। दरबार के मंत्रियों और राजगुरु ने आसपास के गांव की नाटक मंडली को बुलाने की कोशिश की, लेकिन किसी का भी आ पाना बहुत मुश्किल था। सबको निराश देख तेनालीराम ने कहा, मैं एक नाटक मंडली को जानता हूं। मुझे यकीन है कि वो विजयनगर में रामलीला करने के लिए जरूर तैयार हो जाएंगे।

तेनाली की यह बात सुनकर सब खुश हो गए। इसके साथ ही राजा ने तेनाली को मंडली बुलाने की जिम्मेदारी सौंप दी और तेनाली ने भी रामलीला की तैयारी करना शुरू कर दी। विजयनगर को नवरात्र के लिए सजाया गया और रामलीला मैदान की साफ-सफाई करवा कर वहां बड़ा-सा मंच बनवाया गया। उसी के साथ मैदान पर बड़ा-सा मैला भी लगवाया गया। जब नगर में रामलीला होने की खबर फैली, तो सारी जनता रामलीला देखने के लिए उत्सुक हो गई। रामलीला वाले दिन सभी लोग रामलीला देखने के लिए मैदान में इकट्ठे हो गए। वहीं, महाराज कृष्णदेव राय, सभी मंत्रीगण और सभा के अन्य सदस्य भी वहां मौजूद थे। सभी ने रामलीला का खूब मजा उठाया। जब नाटक खत्म हो गया, तो सभी ने उसकी बहुत तारीफ की। खासकर, नाटक मंडली में मौजूद बच्चों की कलाकारी सभी को बहुत पसंद आई थी। महाराज सभी से इतना खुश थे कि उन्होंने पूरी नाटक मंडली को महल में खाना खाने का न्योता दे दिया। जब पूरी मंडली महल आई, तो सभी ने महाराज, तेनाली और अन्य मंत्रीगण के साथ भोजन किया। इस दौरान महाराज ने तेनालीराम से पूछा कि उन्हें इतनी अच्छी मंडली कहां से मिली? इस पर तेनाली ने उत्तर दिया, ये मंडली बाबापुर से आई है, महाराज। बाबापुर? इस जगह का नाम तो हमने कभी नहीं सुना। कहां है ये?, महाराज ने आश्चर्य से पूछा। यहीं विजयनगर के पास ही है, महाराज। तेनाली की यह बात सुनकर मंडली के सदस्य मुस्कुराने लगे। इस पर महाराज ने उनसे मुस्कुराने की वजह पूछी, तो मंडली का एक बच्चा बोला, महाराज, हम विजयनगर के ही रहने वाले हैं। इस मंडली को तेनाली बाबा ने तैयार करवाया है और इसलिए हमारा नाम बाबापुर की मंडली है। बच्चे की यह बात सुनकर महाराज सहित सभी लोग ठहाके लगाने लगे।



## वीर गाथा

# सूबेदार मेजर भीमचंद: महाबली भीम की तरह दुश्मन को दी पटखनी, दो बार हुए 'वीर चक्र' से सम्मानित

सूबेदार मेजर एवं मानद कैप्टन भीमचंद का जन्म 17 दिसंबर, 1905 को हिमाचल प्रदेश के लाहौल में हुआ था। उनके पिता का नाम फुंचोग रबगाई था। तिब्बती बौद्ध परिवार से आने वाले भीमचंद को उनकी अद्भुत वीरता और शौर्य के लिए दो बार 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया था।

भीमचंद सितंबर 1939 में भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट की दूसरी बटालियन में बतौर सैनिक भर्ती हुए थे। उनके लिए अगस्त 1948 में जारी प्रथम वीर चक्र प्रशस्ति पत्र में लिखा गया कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान सूबेदार भीमचंद को 18,500 फीट की ऊंचाई पर लासरिंगमो पर फिर से कब्जा करने का आदेश दिया गया था।भीमचंद बहुत कठिन और दुर्गम इलाके में रात को रास्ता पार करने के बाद दुश्मन के ठिकाने के पीछे पहुंचे थे। उन्होंने दुश्मन के गोला-बारूद और आयुध भंडारों को नष्ट कर दिया था। इस सफल हमले से दुश्मन का मार्ग अवरुद्ध हो गया था। यही नहीं, दुश्मन के कई लोग मारे गए तथा एक शख्स को कैद कर लिया गया था।

भीमचंद ने अक्टूबर में बासगो में 3.7 एमसीएच हॉवित्जर को नष्ट कर दिया था। उन्होंने नवंबर में लामायुरू में दुश्मन के बड़े गोला-बारूद को तबाह कर दिया था। इस तरह भीमचंद ने शानदार वीरता और धैर्य का परिचय देते हुए इतिहास रच दिया था।

भीमचंद को भारत माता ने अपनी सेवा के लिए दिसंबर 1948 में फिर पुकारा। इस बार भी उन्होंने वीरता और शौर्य का अनूठा अध्याय लिखा। भीमचंद को एक गुरिल्ला पलटन लेकर लेह तहसील में दुश्मन के अंतिम ठिकानों पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था। उन्होंने अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए रस्सियों का सहारा लिया। इस तरह वे 22,000 फीट ऊंची और बर्फ से ढकी चोटियों को पार कर लक्ष्य तक पहुंचे।

भीमचंद ने 27 दिसंबर, 1948 को दुश्मन पर अचानक हमला किया और उसके ठिकानों पर कब्ज़ा कर लिया था। वहां दुश्मन फौजियों के छह शव, तीन राइफलें, ब्रेन मैगज़ीन, कंबल और हथियार बरामद हुए थे।

इस कार्रवाई को अंजाम देने में भीमचंद ने महान सहनशक्ति, कर्तव्य के प्रति समर्पण और संगठन की शानदार क्षमता दिखाई। वे बतौर मानद कैप्टन दिसंबर 1958 में सेवानिवृत्त हुए थे।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कभी गरीबों का मुख्य भोजन रहा बाजरा आज अमीरों की भी बन गया पसंद : पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अहमदाबाद/भाषा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को कहा कि कभी निम्न आय वर्ग और गरीब परिवारों का मुख्य भोजन रहा बाजरा (मोटा अनाज) अब अमीरों की शान बन गया है, यहां तक कि शादियों में भी इसके विशेष स्टॉल लगते हैं।

पटेल ने दो दिवसीय राज्य स्तरीय 'बाजरा महोत्सव एवं प्राकृतिक कृषक बाजार-2025' का उद्घाटन करने के बाद कहा कि बाजरा आधारित खाद्य पदार्थ दुकानों और बाजारों तक पहुंच गए हैं और मोटे अनाज की पूरी आपूर्ति की प्रक्रिया का विकास हो रहा है।

पोषक तत्वों से भरपूर माने जाने वाले भारत में उपलब्ध कुछ सामान्य मोटे अनाजों में रागी, ज्वार, छोटा बाजरा, बाजरा और प्रोसो बाजरा शामिल हैं।

पटेल ने उद्घाटन के दौरान भाषण में कहा, ''कुछ दशक पहले भारत में श्री अन्न (केंद्र द्वारा बाजरे को दिया गया नाम) का उपयोग निम्न आय और गरीब परिवारों के लोग भोजन के रूप में करते थे, लेकिन अब ये अमीर लोगों की भी पसंद बन गया है। यहां तक शादियों में भी बाजरे के विशेष 'स्टॉल' देखे जाते हैं।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन काल से लोगों के भोजन का हिस्सा रहे मोटे अनाज देश की विरासत हैं।

पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'बैक टू बेसिक' के मंत्र के माध्यम से देश और दुनिया को स्वस्थ जीवन का रास्ता दिखाया, जिसमें 'श्री अन्न' की खेती और प्राकृतिक खेती का विस्तार शामिल है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पटेल ने अहमदाबाद जिले में गुजरात राज्य बीज निगम लिमिटेड के तीन गोदाम परिसरों और जामनगर जिले में एक गोदाम परिसर का भी उद्घाटन किया।

पटेल ने सात नगर पालिकाओं में बाजरा महोत्सव के कार्यक्रम के आयोजन के लिए राज्य कृषि विभाग को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कई किसान उत्पादक संगठन(एफपीओ) भी आगे आए हैं और महिला स्वयं सहायता समूह बाजरा का उत्पाद करते हुए आत्मनिर्भर बन गए हैं।

## उद्घाटन



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ, शनिवार को पौड़ी गढ़वाल के थांगर में सरकारी प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान स्कूल विकास परियोजना का उद्घाटन किया।

## शिरकत



अभिनेत्री नीतू चंद्रा शनिवार को पटना में एक कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# पाकिस्तान ने चीन से 3.4 अरब डॉलर के कर्ज का पुनर्निर्धारण करने का अनुरोध किया

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा चिह्नित विदेशी वित्तपोषण अंतर को पाटने के लिए चीन से 3.4 अरब डॉलर के ऋण को दो साल के लिए पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया है। शनिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया।

पिछले पांच महीनों में इस्लामाबाद ने दूसरी बार बीजिंग से अपने एक्जिम बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले ऋणों को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया है।


सरकारी सूत्रों के हवाले से समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने कहा है कि उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने इसी सप्ताह बीजिंग की यात्रा के दौरान औपचारिक अनुरोध किया। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान ने चीन के निर्यात-आयात (एक्जिम) बैंक से अक्टूबर, 2024 से सितंबर, 2027 तक के लिए अपने ऋणों के पुनर्निर्धारण पर विचार करने का अनुरोध किया है। एक्ज़िम बैंक से प्राप्त आधिकारिक और गारंटीकृत ऋण को चुकाने के लिए दो साल का विस्तार मांगा गया। पाकिस्तान ब्याज का भुगतान करता रहेगा।

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान को तीन वर्ष की कार्यक्रम अवधि के लिए पांच अरब डॉलर के बाहरी वित्तपोषण अंतर को पूरा करने के लिए वित्तपोषण स्रोतों की पहचान करनी थी। उन्होंने कहा कि चीनी अधिकारी सकारात्मक हैं और उम्मीद है कि बीजिंग पाकिस्तान की बाह्य वित्त पोषण संबंधी समस्याओं को कम करने के अनुरोध को स्वीकार कर लेगा।

इससे पहले, पिछले वर्ष सितंबर में वित्त मंत्री ने एक्जिम बैंक को पत्र लिखकर पुनर्निर्धारण का अनुरोध किया था। बृहस्पतिवार को चीन-पाकिस्तान द्वारा जारी संयुक्त बयान के अनुसार, पाकिस्तानी पक्ष ने अपनी राजकोषीय और वित्तीय स्थिरता के लिए चीन के बहुमूल्य समर्थन के लिए अपनी प्रशंसा दोहराई। यह बयान राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बीजिंग की राजकीय यात्रा के बाद जारी किया गया।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को हराना वास्तविक चुनौती

लाहौर/भाषा



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी टीम के लिए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि 23 फरवरी को दुबई में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना वास्तविक चुनौती होगी।

शरीफ ने नए सिरे से तैयार किए गए गद्दाफी स्टेडियम के उद्घाटन समारोह के दौरान शुक्रवार की रात को कहा कि भारत के खिलाफ उनके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

शरीफ ने कहा, ''हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनके सामने अब वास्तविक चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि दुबई में होने वाले मैच में हमारे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना होगा। पाकिस्तान की टीम को पूरे देश का समर्थन हासिल है।''

भारत और पाकिस्तान का क्रिकेट प्रतिद्वंदिता का लंबा इतिहास रहा है और भारतीय टीम ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 90 के दशक से ही दबदबा बनाए रखा है।

पाकिस्तान ने आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में भारत के खिलाफ आखिरी जीत 2021 में दुबई में टी20 विश्व कप में हासिल की थी।


पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन के रूप में भाग लेगा। उसने इससे पहले 2017 में इंग्लैंड में आयोजित किए गए टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी।

शरीफ ने कहा, ''यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा अवसर है क्योंकि हम लगभग 29 साल के बाद किसी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम चैंपियंस ट्रॉफी में भी देश का सिर ऊंचा करेगी।''

गद्दाफी स्टेडियम का नवीनीकरण का कार्य 117 दिन में पूरा किया गया। इसके उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध गायक अली जफर, आरिफ लोहार और आइमा बेग ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया।

# सूरज बड़जात्या के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात : मोहनीश बहल

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेता मोहनीश बहल का कहना है कि सूरज बड़जात्या के साथ काम करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। 'इंडियन आइडल' के मंच पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार सूरज आर. बड़जात्या आने वाले हैं। 'मैंने प्यार किया', 'हम आपके हैं कौन' और 'हम साथ साथ हैं' जैसी सुपरहिट फिल्मों के निर्माता सूरज बड़जात्या अपने आगामी ओटीटी डेब्यू 'बड़ा नाम करेंगे' का प्रमोशन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई अनसुने किस्से और पर्दे के पीछे की दिलचस्प कहानियां साझा कीं, जिनके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी थी। 'इंडियन आइडल' में राजश्री प्रोडक्शन के सिनेमा जगत में 75 वर्षों के योगदान का जश्न मनाया गया। इस खास मौके पर मशहूर अभिनेता मोहनीश बहल भी मौजूद थे। उन्होंने इस प्रतिष्ठित बैनर से अपने गहरे जुड़ाव के लिए आभार व्यक्त किया और 'बड़ा नाम करेंगे' के लीड कलाकारों को शुभकामनाएं दीं।

सूरज बड़जात्या की सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और हम साथ साथ है में काम कर चुके मोहनीश बहल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सूरज बड़जात्या के साथ काम करना उनके लिए भगवान के आशीर्वाद की तरह है। उन्होंने अपने सफल करियर का पूरा श्रेय राजश्री प्रोडक्शन को दिया और कहा कि सूरज जी ने भारतीय सिनेमा को कई यादगार फिल्में और किरदार दिए हैं, जो आज भी दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि राजश्री प्रोडक्शन हमेशा नई प्रतिभाओं को मौका देता रहा है और अब आयशा कादुस्कर और ऋतिक घनशानी को इस मंच पर देखकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। सूरज बड़जात्या की वेब सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' का निर्देशन 'गुल्लक' फेम निर्देशक पलाश वासवानी ने किया है। इस शो में कंवलजीत सिंह, अल्का अमीन, राजेश जैस, चित्राली लोकेश, दीपिका अमीन, जमील खान, राजेश तैलंग, अंजना सुखानी, साधिका सयाल, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, प्रियंवदा कांत, ओम दुबे और भावेश बबानी जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आएंगे।

# 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



कुणाल कोहली निर्देशित फिल्म 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डिज्नी+ हॉटस्टार इस वैलेंटाइन्स वीक पर एक दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी बॉबी और ऋषि की कहानी लेकर आया है। कैम्ब्रिज की हसीन वादियों में पनपी यह कहानी प्यार और चुनौतियों से भरी हुई है। बॉबी और ऋषि, दोनों अपनी-अपनी उलझनों और अलग सोच के बावजूद एक-दूसरे के करीब आते हैं। इस फिल्म का निर्देशन कुणाल कोहली ने किया है, जबकि इसे जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और द प्रोडक्शन हेड क्वार्टर्स के मोहन नडार ने प्रोड्यूस किया है। वर्द्धन पुरी और कावेरी कपूर इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में है।

कुणाल कोहली ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' को दर्शकों के सामने लाना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने हमेशा से ऐसी प्रेम कहानी बनाना चाहा था, जो आज की पीढ़ी को पसंद आए और उनके जीवन की उलझनों को भी दर्शाए। उनका मानना है कि सच्चा प्यार किसी भी बाधा को पार कर ही लेता है। इस शो को लेकर पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है, जिससे यह दर्शकों के दिलों को छू सके। वर्द्धन और कावेरी ने अपने शानदार अभिनय से इस कहानी को जीवंत बना दिया है। ऋषि की भूमिका निभाने वाले वर्द्धन पुरी ने बताया कि वह हमेशा से कुणाल कोहली की फिल्मों के बड़े प्रशंसक रहे हैं और उनके साथ काम करने की इच्छा थी। 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' के जरिए यह सपना पूरा हो गया। उन्होंने याद किया कि जब 'हम तुम' रिलीज हुई थी, तो उन्होंने इसे छह बार देखा था और आज भी यह उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। उन्होंने कावेरी की भी तारीफ करते हुए कहा कि वह बेहद मेहनती और अपनी कला में निपुण हैं। उनके साथ काम करना एक बेहतरीन अनुभव रहा।

बॉबी की भूमिका निभा रहीं कावेरी कपूर का कहना है कि 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' एक संयोग से बनी प्रेम कहानी है, जो इस विचार को दर्शाती है कि सच्चा प्यार आपको खुद ही ढूंढ लेता है। बॉबी का किरदार बेहद खास है, क्योंकि वह अपनी भावनाओं और दुविधाओं में उलझी रहती है। यह भूमिका उनके लिए काफी दिलचस्प लेकिन चुनौतीपूर्ण भी थी।

इस किरदार को पूरी तरह से समझने के लिए उन्होंने कई वर्कशॉप से गुजरकर उसके हर पहलू को गहराई से जाना और फिर पूरी तरह उसमें डूब गईं। 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' 11 फरवरी से केवल डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।



# 'वध 2' टीम पहुंची महाकुंभ, संगम में आस्था की डुबकी लगाकर लिया आशीर्वाद

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म वध 2 की टीम संजय मिश्रा, नीना गुप्ता, निर्देशक जसपाल सिंह संधू और निर्माता अंकुर गर्ग ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में शिरकत की। वर्ष 2022 में रिलीज़ हुई वध एक अनोखी थ्रिलर थी, जिसने अपनी दमदार कहानी और संजय मिश्रा एवं नीना गुप्ता की शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों को बांधकर रखा। निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स ने इस फिल्म के स्पिरिचुअल सीक्वल वध 2 की घोषणा कर दी है। इस बार भी कहानी में रोमांच बरकरार रहेगा और संजय मिश्रा एवं नीना गुप्ता एक बार फिर अपनी जबरदस्त अदाकारी से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं।

'वध 2' का निर्देशन जसपाल सिंह संधू कर रहे हैं।एक भव्य और आध्यात्मिक माहौल में वध 2 की टीम संजय मिश्रा, नीना गुप्ता, निर्देशक जसपाल सिंह संधू और प्रोड्यूसर अंकुर गर्ग ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में शिरकत की। फिल्म वध 2 की सफलता और सकारात्मक ऊर्जा के लिए उन्होंने संगम घाट पर पवित्र स्नान किया और अक्षय वट मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की।

संजय मिश्रा, जो इस बार कुंभ में यूपी पुलिस के साइबर बाबा बने हैं, हाल ही में अपनी टीम के साथ आशीर्वाद लेने पहुंचे। उनका मकसद साफ है श्रद्धालुओं को साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाना। ये उनके लिए बस एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि एक नई शुरुआत थी।



अभिनेत्री मानुषी छिल्लर शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं।

# अमेज़न प्राइम वीडियो की नई सीरीज ग्राम चिकित्सालय में मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी आकांक्षा रंजन कपूर

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर, अमेज़न प्राइम वीडियो की नई सीरीज़ ग्राम चिकित्सालय में मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी। गिल्टी, रे और मोनिका, ओ माई डार्लिंग में अपने बहुमुखी अभिनय के लिए मशहूर आकांक्षा रंजन कपूर अमेज़न प्राइम वीडियो की आगामी सीरीज़ ग्राम चिकित्सालय में एक बिल्कुल अलग अवतार में दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने हाल ही में आधिकारिक तौर पर इस प्रोजेक्ट की घोषणा की, जिसमें आकांक्षा का पहला लुक एक छोटे शहर की लड़की की भूमिका में दिखाया गया है, जो उनकी पिछली ऑन-स्क्रीन भूमिकाओं से बिल्कुल अलग है। पहली तस्वीर में आकांक्षा को स्कूटी चलाते हुए दिखाया गया है, जो अपने करियर में पहली बार एक अलग किरदार निभा रही हैं। वह एक दयालु डॉक्टर की भूमिका में हैं, जो ग्रामीण परिवेश में जीवन जी रही हैं। इस डाउन-टू-अर्थ भूमिका में उनका बदलाव और उनकी पिछली ग्लैमरस भूमिकाओं से अलग, एक अभिनेता के रूप में उनकी रेंज को दर्शाता है। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, आकांक्षा ने बताया,चिकित्सालय पर काम करना एक ताज़ा अनुभव था। कहानी और मेरे किरदार ने मुझे वास्तव में आकर्षित किया क्योंकि यह मेरे द्वारा पहले किए गए किसी भी काम से बहुत अलग है। मैंने पहली बार स्कूटी चलाना भी सीखा - यह पहले तो डरावना था, लेकिन मुझे यह पसंद आया! एक डॉक्टर की भूमिका निभाना एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी की तरह लगा, और मैं इस नई भूमिका में लोगों को देखने के लिए उत्साहित हूं। 'ग्राम चिकित्सालय' सीरीज़ द वायरल फीवर द्वारा निर्मित की जा रही है। इस सीरीज़ में अमोल पाराशर, आनंदेश्वर द्विवेदी, आकाश मखीजा, गरीमा विक्रांत सिंह, विनय पाठक भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

ज्ञानयोग, ध्यानयोग, तपयोग आदि कठिन हैं। भगवान की भक्ति में मन को एकाग्र कर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। भगवान के प्रति अनन्य प्रीति और समर्पण की भूमिका भक्ति को सार्थक करती है। जैनदर्शन में वर्णित भगवान का स्वरूप समझने जैसा है। जो सर्वदोषों से रहित, राग-द्वेष मुक्त आत्मा हो, सिर्फ उन्हीं को जैनदर्शन में भगवान माना जाता है। ऐसे परमात्मा की निष्काम भक्ति ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। इसलिए जैनदर्शन के अनुसार भगवान और देवी-देवता में मौलिक अंतर है। यहां भगवान का स्थान सर्वोपरि है।



# ‘मंत्र प्रेक्षा-ध्यान एक शक्तिशाली प्रयोग’ नामक कार्यशाला का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्रेक्षाध्यान के तीसरे चरण में ‘मंत्र प्रेक्षा-ध्यान एक शक्तिशाली प्रयोग’नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता मधु जीरावला ने मंत्र प्रेक्षा का अर्थ समझाते हुए कहा कि विशिष्ट अक्षरों के संयोजन का नाम मंत्र है। मंत्र और साधक के सूक्ष्म शरीर जब तक एक रूप नहीं हो जाते, तब तक ना साधक सफल होते हैं और ना मंत्र। पांच चैतन्य केंद्र में कौन से मंत्र का ध्यान करना चाहिए। सोना चोपड़ा ने धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम का संचालन मंत्री सुनीता कोठारी ने किया।

योगशिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





पतंजलि हरिद्वार योगपीठ के मुख्य केंद्रीय समन्वयक स्वामी परमार्थ देवजी और स्वामी रितदेवजी द्वारा सेलम जिले में दो दिवसीय एकीकृत पतंजलि योग विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सरकारी कला महाविद्यालय के खेल मैदान के पास माधवन मंडपम में आयोजित योग शिविर में योगगुरु द्वय ने उपस्थित साधकों को योग अभ्यास कराया तथा विभिन्न आसन करवाएं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**श्याम श्रृंगार**

बेंगलूरु के बनरघट्टा रोड स्थित श्री श्याम मन्दिर प्रांगण में शनिवार को अवसर पर बाबा श्याम का फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस मौके पर शाम को भजन संध्या हुई जिसमें स्थानीय गायकों द्वारा बाबा श्याम को रिझाया।



# प्राचीन पार्श्वनाथ जैन मंदिर में विधिविधान से हुआ ध्वजारोहण

## गोलेछा परिवार ने किया ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इरोड़। जिले के अवल पेरुंदरई में कोंगू इलाके के प्राचीन पार्श्वनाथ जैन मंदिर में पन्यासश्री सूर्योदयजी महाराज साहब के सान्निध्य में वार्षिक ध्वजारोहण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संतों के सान्निध्य में सतरभेदी पूजन पढ़ाई गई। इस मौके पर प्रवचन में



पन्यासश्री ने जैन धर्म में ध्वजा का महत्व बताया। इस कार्यक्रम के पश्चात चेन्नई, कोयंबतूर के लाभार्थी रतनचंद, अशोककुमार, चैनराज गोलेछा ने शुभ मुहूर्त में पूरे विधि विधान से मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। सबका स्वागत चैनराज गोलेछा ने किया। राकेश गोलेच्छा ने संचालन किया। सभी लाभार्थियों का संघ की ओर से सम्मान किया गया। इस आयोजन में इरोड जैन श्वेतांबर समाज की अहम भूमिका रही। चेन्नई के अशोक गोलेछा ने धन्यवाद दिया।



# नंगनल्लूर मड़ीपाकवकम वडेर में पूरे विधि विधान से चढ़ाई गई अमर ध्वजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानीय सीरवी समाज नंगनल्लूर मड़ीपाकवकम वडेर में इस वर्ष भी लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। सुबह नारायणलाल हाम्बड़ के घर से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके आईमाताजी मंदिर तक ध्वजा लेकर आए। उसके पश्चात हवन-यज्ञ करके ढ़ोल नगाड़े संग मंदिर के उच्च शिखर पर आईमाताजी की ध्वजा चढ़ाई गई। साथ ही गणेशजी महराज व राधा कृष्ण की ध्वजा भी चढ़ाई गई। आईमाताजी ध्वजा के लाभार्थी परिवार नारायणलाल, दोलतराम हाम्बड़ परिवार की तरफ से चढ़ाई गई। गणेशजी महराज की ध्वजा तुलछाराम पंवार परिवार व राधा कृष्ण भगवान की ध्वजा भंवरलाल सीरवी परिवार द्वारा चढ़ाई गई। इस मौके पर आईमाता मंदिर वडेर के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर नवयुवक के मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सानपुरा, भोमाराम मेलाव, महेन्द्र काग, कमेटी सदस्य नेमीचन्द चोयल, उपाध्यक्ष रतनलाल राठौड़, कोषाध्यक्ष तेजाराम पंवार, रामलाल सियाट, पूर्व अध्यक्ष जीवाराम काग आदि उपस्थित थे।



# पीओई कार्यालय ने सुरक्षित प्रवास के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। विदेश मंत्रालय के तमिलनाडु स्थित प्रवासी संरक्षक कार्यालय(पीओई) ने शहर के इलियट्स बीच पर सुरक्षित प्रवास के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया। वॉकथॉन ने तमिलनाडु भर में एक महीने तक चलने वाले जागरूकता अभियान 'पाथु पोंगा' की शुरुआत की, जहां पीओई कार्यालय नागरिकों को सुरक्षित और कानूनी उत्प्रवास प्रथाओं और अनधिकृत विदेशी नौकरी नियुक्तियों के जोखिमों के बारे में शिक्षित करेगा।

विशेष अतिथि के रुप में एडीजीपी साइबर क्राइम डॉ. संदीप मित्तल और प्रोटेक्टर जनरल ऑफ इमिग्रेंट्स (पीजीई) सुरिंदर भगत ने सभा को संबोधित किया और वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई। पीजीई ने अवैध प्रवास को कम करने के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा की गई पहलों के बारे में भी बताया। अनिवासी तमिलों के पुनर्वास आयुक्त श्री कृष्णमूर्ति भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वॉकथॉन में करीब 400 लोगों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में राज्य पुलिस बैंड, डीजीपी कार्यालय मुख्यालय द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। तमिलनाडु के प्रवासी संरक्षक राजकुमार एम ने पाथु पोंगा जागरूकता अभियान और अवैध एजेंटों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में बताया।

# विकास और वृद्धि के लिए ‘भाजपा’ का विजन ‘आप’ के असफल वादों पर भारी पड़ा : डॉ. पोंगुलेटी सुधाकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। कर्नाटक और तमिलनाडु के भाजपा राष्ट्रीय सह प्रभारी व पूर्व एमएलसी डॉ. पोंगुलेटी सुधाकर रेड्डी ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि दिल्ली के लोगों ने अपनी बात कह दी है और उनका फैसला स्पष्ट है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) के बजाय भाजपा के शासन को चुना है। यह शानदार जीत दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, जिसमें भाजपा ने बहुमत हासिल किया है। दिल्ली के मतदाताओं ने केजरीवाल के 10 साल के शासन को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, जो भ्रष्टाचार के आरोपों और शासन संबंधी विवादों से भरा रहा। लोगों ने आप के विफल वादों के बजाय दिल्ली के विकास के लिए भाजपा के दृष्टिकोण को चुना है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और नेतृत्व का प्रमाण है। भारत के विकास के लिए उनका दृष्टिकोण दिल्ली के लोगों को पसंद आया है, जिन्होंने भाजपा को अपनी पसंद के रूप में चुना है। पार्टी के अभियान में आप के खिलाफ भ्रष्टाचार और प्रशासनिक कुप्रबंधन के आरोपों के साथ-साथ बेहतर शासन के वादों पर ज़्यादा ध्यान दिया गया। शहर के प्रदूषण, खराब होती सड़कों और यमुना नदी की सफाई पर भाजपा का ध्यान मतदाताओं को पसंद आया।

भाजपा का घोषणापत्र, जिसमें मतदाताओं के सभी प्रमुख वर्गों के लिए मुफ्त उपहार शामिल हैं, मतदाताओं को भाजपा की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पार्टी के आउटरीच प्रयासों, जैसे कि परिवर्तन यात्राओं



ने उन्हें व्यक्तिगत स्तर पर मतदाताओं से जुड़ने में मदद की है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा उपेक्षा की गई है। प्रमुख हस्तियों के नेतृत्व में एकजुट होने और --झ के शासन की आलोचना करने की उनकी क्षमता ने उनके समर्थन को मजबूत किया है, जिससे वे आगामी चुनावों में एक मजबूत दावेदार बन गए हैं। दिल्ली के लोगों ने आप सरकार के प्रदर्शन से असंतोष जताया है, खास तौर पर बुनियादी ढांचे के विकास, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे क्षेत्रों म्ं। भाजपा ने इन चिंताओं को दूर करने और यह सुनिश्चित करने का वादा किया है कि दिल्ली शासन और विकास के लिए एक आदर्श राज्य बने। इस जीत के साथ, भाजपा दिल्ली में विकास और वृद्धि का एक नया युग लाने का वादा करती है।

दिल्ली में भाजपा की जीत पार्टी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और यह दिल्ली के लोगों के लिए एक नई शुरुआत है। दिल्ली में भाजपा की जीत एक ऐतिहासिक क्षण है जो शहर के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। दिल्ली के लोगों ने आप के बजाय भाजपा के शासन को चुना है, और पार्टी ने अपने वादों को पूरा करने और दिल्ली के लिए एक उज्ज्वल भविष्य बनाने का वादा किया है। लोगों के समर्थन से, भाजपा को विश्वास है कि वह दिल्ली में विकास और वृद्धि का एक नया युग ला सकती है। दिल्ली में भाजपा की जीत एक ऐतिहासिक क्षण है जो शहर के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। दिल्ली के लोगों ने आप के बजाय भाजपा के शासन को चुना है और पार्टी ने अपने वादों को पूरा करने और दिल्ली के लिए एक उज्ज्वल भविष्य बनाने का वादा किया है। लोगों के समर्थन से, भाजपा को विश्वास है कि वह दिल्ली में विकास और वृद्धि का एक नया युग ला सकती है।

दिल्ली में भाजपा की नई यात्रा शुरू होने के साथ ही पार्टी लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए अथक प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी कि दिल्ली शासन और विकास के लिए एक आदर्श राज्य बने और दिल्ली के लोगों को वह सुशासन मिले जिसके वे हकदार हैं। लोगों के समर्थन से भाजपा को विश्वास है कि वह दिल्ली के लिए एक उज्ज्वल भविष्य बना सकती है।

फूल प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में 7वें कोयंबटूर फ्लावर शो का उद्घाटन राज्य के कृषि और किसान कल्याण मंत्री और तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा किया गया।

# राग-द्वेष से मुक्त आत्मा ही भगवान है : विमलसागरसूरीश्वरजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भद्रावती। शनिवार को स्थानीय पार्श्वनाथ जिनालय में विविध मंत्रों, मुद्राओं, जड़ीबूटियों के साथ प्रभु प्रतिमा का संगीतमय विशिष्ट अभिषेक किए गए। इस अवसर पर भक्ति के स्वरूप और महत्व को समझाते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि तेबीसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का जन्म अट्ठाइसों बहत्तर वर्ष पूर्व वाराणसी में हुआ था।

उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और झारखंड उनकी विहरण भूमि रही। उन्होंने अपने सत्तर वर्ष के साधना काल में लाखों लोगों को पाप मुक्त कर सुख-शांति और अध्यात्म



का मार्ग दिया। सौ वर्ष की आयु में झारखंड के सम्मेदशिखर पर्वत पर उन्होंने निर्वाण की प्राप्ति की। आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि भक्तियोग सबसे सरल योग है।

ज्ञानयोग, ध्यानयोग, तपयोग आदि कठिन हैं। भगवान की भक्ति में मन को एकाग्र कर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। भगवान के प्रति अनन्य प्रीति और समर्पण की भूमिका भक्ति को सार्थक करती है। जैनदर्शन में



वर्णित भगवान का स्वरूप समझने जैसा है। जो सर्वदोषों से रहित, राग-द्वेष मुक्त आत्मा हो, सिर्फ उन्हीं को जैनदर्शन में भगवान माना जाता है। ऐसे परमात्मा की निष्काम भक्ति ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। इसलिए जैनदर्शन के अनुसार भगवान और देवी-देवता में मौलिक अंतर है। यहां भगवान का स्थान सर्वोपरि है। उनके बाद गुरुतत्व और फिर देवी-देवताओं का क्रम आता है। इस भक्तियोग को न समझने वाले अक्सर भटक जाते हैं। वे इहलौकिक कामनाओं के वशीभूत होकर भगवान के बदले देवी-देवताओं की पूजा में ही उलझ जाते हैं।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.